GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

क्रमांक / वाणिज्य / 2025-26 / रबी 2026 / 10226-10,596 दिनांक 28/02/2026

1. खण्डीय अतिरिक्त रजिस्ट्रार,
सहकारी समितियाँ,
................................(समस्त)

2. उप रजिस्ट्रार,
सहकारी समितियाँ,
जिला..............................(समस्त)

3. क्षेत्रीय अधिकारी,
राजफेड,
................................ (समस्त)

4. मुख्य व्यवस्थापक,
क्रय-विक्रय सहकारी समितियाँ,
....................................

**विषय :- न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत रबी वर्ष 2026-27 में दलहन-तिलहन (चना-सरसों) की खरीद संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत अनुरोध है कि प्रासंगिक पत्र के अनुसरण में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत रबी वर्ष 2026-27 में कृषि जिन्स चना-सरसों **(gram and mustard)** हेतु शीघ्र पंजीयन आरंभ कर खरीद कार्य किया जाना है।

समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत दलहन-तिलहन खरीद हेतु नोडल एजेन्सी नेफेड एवं एनसीसीएफ द्वारा खरीद कार्य किया जाना है। गत सीजन की भाँति उक्त दोनों एजेन्सियों का कार्यक्षेत्र निम्नानुसार निर्धारित है :-

| क्र.सं. | नोडल एजेन्सी | क्षेत्रीय कार्यालय राजफेड (क्षेत्र के जिले) |
|---|---|---|
| 1. | एनसीसीएफ | अजमेर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा (कुल 19 जिले) |
| 2. | नेफेड | जयपुर, उदयपुर, श्रीगंगानगर, भरतपुर (कुल 22 जिले) |

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

सामान्य जानकारी/प्रचार-प्रसार कराते हुए क्रय केन्द्रों पर खरीद व्यवस्था के अन्तर्गत निम्नानुसार आवश्यक व्यवस्थाएं किये जाने की सुनिश्चितता करें:-

1. खरीद अवधि -

रबी 2026-27 में समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत दलहन-तिलहन खरीद का कार्य भारत सरकार द्वारा जारी पीएसएस गाईडलाईन अनुसार किया जाना है। कृषि जिन्स चना-सरसों क्रय के संबंध में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार से दिनांक 25.02.2026 के माध्यम से प्राप्त स्वीकृत खरीद सीमा निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का पत्र क्र. एवं दिनांक | जिन्स | आवंटित अधिकतम खरीद सीमा |
|---|---|---|---|
| | | | (मै.टन) |
| 1 | एल-15016/22/2026-एमपीएस (ई-185091) दिनांक 25.02.2026 | सरसों | 13,78,750 |
| 2 | | चना | 5,53,000 |

2. समर्थन मूल्य दर -

रबी 2026-27 में समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत क्रय किये जाने वाले एफ.ए.क्यू. श्रेणी के चना-सरसों का समर्थन मूल्य भारत सरकार द्वारा निम्नानुसार घोषित किया गया है:-

| क्र.सं. | जिन्स | एफ.ए.क्यू. श्रेणी का समर्थन मूल्य (रू. प्रति क्विं.) |
|---|---|---|
| 1 | चना | 5875 |
| 2 | सरसों | 6200 |

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

3. पंजीयन व्यवस्था –

3.1 किसानों के पंजीयन की अवधि

राज्य में सरसों–चना के विक्रय हेतु शीघ्र पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ की जानी है। ऑनलाईन पंजीकरण समिति स्तर/ई–मित्र/किसान द्वारा स्वयं (राजफेड ओपीआर वेबसाइट/लिंक/क्यू.आर. कोड) के माध्यम से किया जा सकता है। **रबी 2026–27 में कृषक पंजीयन संभागवार आरंभ किए जाने है। पंजीयन एवं खरीद प्रारंभ की तारीख से पृथक से अवगत करा दिया जाएगा।**

3.2 पंजीकरण केन्द्र एवं पंजीकरण शुल्क

**सरसों–चना** विक्रय के इच्छुक किसान द्वारा स्वयं/संबंधित क्रय विक्रय सहकारी समिति/ग्राम सेवा सहकारी समिति अथवा ई–मित्र पर पंजीकरण करवा सकेंगे। किसान द्वारा स्वयं पंजीयन कराने पर कोई शुल्क देय नहीं होगा। ई–मित्र द्वारा पंजीयन करवाये जाने हेतु प्रत्येक पंजीकरण के लिए डीओआईटी द्वारा निर्धारित शुल्क देय होगा, यदि डीओआईटी द्वारा इन दरों में कोई संशोधन किया जाता है तो तदनुरूप पंजीकरण शुल्क देय होगा।

3.3 पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज

पंजीकरण के समय निम्न दस्तावेज आवश्यक होगें:–

1. जनआधार कार्ड

**एक जनआधार कार्ड पर एक ही पंजीकरण मान्य होगा। जनआधार कार्ड में अंकित नामों में से जिस नाम से गिरदावरी होगी, उसी के नाम का पंजीकरण मान्य होगा। जनआधार कार्ड महिला मुखिया के नाम होने के कारण एवं गिरदावरी पति के नाम होने की स्थिति में ऐसा एक पंजीयन स्वीकार किया जा सकता है।**

2. **किसान को भुगतान** – राजफेड द्वारा किसानों को भुगतान भारत सरकार की पीएसएस गाईडलाईन अनुसार आधार कार्ड/जनआधार कार्ड से लिंक बैंक खाते में विक्रय की गई जिन्स का भुगतान किया जाना है। **खाता संख्या व आईएफएससी कोड में विसंगति के लिए कृषक स्वयं उत्तरदायी होगा। ई–मित्र/समितियाँ पंजीकरण से पूर्व प्रचलित बैंक खाते का जनआधार/आधार कार्ड में अद्यतन होना सुनिश्चित करेंगे।**

3. **रबी 2026 में किसान के जनआधार कार्ड/आधार कार्ड में लिंक बैंक खाता एवं आईएफएससी कोड की जाँच क्रय केन्द्र पर प्रवेश करते समय ही कर ली जावें तथा बैंक खाता/आई.एफ.एस.सी. कोड गलत पाये जाने पर क्रय केन्द्र पर ही संशोधन हेतु कृषक से आवेदन कराया जावें। संशोधन में समय लगने पर राजफेड के डाटाबेस में भुगतान हेतु आवश्यक संशोधन करा लिया जावें।**

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय–विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर–302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

4. किसानों के पंजीयन जन–आधार ओ0टी0पी0 द्वारा किये जा सकेंगे अर्थात् आधार आधारित बायोमेट्रिक अभिप्रमाणन की आवश्यकता नहीं होगी।

4. **गिरदावरी** – किसानों के पंजीयन ऑनलाईन गिरदावरी के माध्यम से किए जावेंगे। जिसके नाम गिरदावरी होगी उसी के नाम पंजीकरण मान्य होगा। एक जनआधार–कार्ड में एक पंजीयन की शर्त यथावत रहेगी। गिरदावरी में स्पष्टता की दृष्टि से जिला कलक्टर स्तर से राजस्व अधिकारियों को निम्नांकित बिन्दुओं पर विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिये :–

4.1 गिरदावरी में रकवा हैक्टेयर में (अंको एवं शब्दों दोनों में) अंकित करना आवश्यक होगां।

4.2 गिरदावरी का पी– 35 का क्रमांक एवं दिनांक की अनिवार्यता जहाँ ऑफलाईन गिरदावरी है वहाँ पर होगी।

4.3 फसल का रकबा हैक्टेयर में अंकित करना अनिवार्य होगा, बीघा में अंकित होगा तो उसे सॉफ्टवेयर द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। गिरदावरी में बुआई क्षेत्रफल हैक्टेयर में अंको व शब्दों में अंकित होना चाहिए, पंजीकरण हेतु इच्छुक कृषक के हिस्से का स्पष्ट उल्लेख हो एवं बोई गई फसल का नाम व रकबा भी स्पष्ट हो।

4.4 ऑफलाईन गिरदावरी पर पटवारी की मोहर एवं मोबाईल नम्बर भी आवश्यक रूप से अंकित होने चाहिए।

4.5 जमाबन्दी के आधार पर पंजीयन स्वीकार्य नहीं होंगे। यदि जमाबंदी से पंजीयन करवाया जाता है, तो वह अमान्य होगा।

4.6 जिन जिलों/तहसील क्षेत्र में ऑनलाइन गिरदावरी की सुविधा उपलब्ध है, वहाँ पर ऑनलाइन गिरदावरी ही स्वीकार की जाएगी।

4.7 एक ही परिवार के एक से अधिक सह–खातेदार है, तो ऐसी दशा में अन्य सह–खातेदारों की 500 रु. के स्टाम्प पर लिखित सहमति प्रस्तुत किए जाने के पश्चात् उनमें से किसी एक के नाम से पंजीकरण मान्य होगा तथा सह–खातेदार के बुवाई क्षेत्र को सम्मिलित किया जाकर तुलाई की जा सकेगी।

5. बंटाईदार/ठेकानामा –

5.1 बटाईदार की स्थिति में कृषि भूमि मालिक एवं बटाईदार के मध्य बुआई से पूर्व या बुवाई अवधि (कृषि विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन दिनांक 19.01.2026 **(परिशिष्ट–1)** के अनुसार सरसों–चना के लिए (सितम्बर 2025 से नवम्बर 2025) के समय का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर विधिवत नोटेरी से सत्यापित अनुवंध मान्य होगा एवं भूमि मालिक की गिरदावरी तथा जनआधार कार्ड एवं बटाईदार का जनआधार कार्ड आवश्यक होगा। बुआई अवधि के बाद का अनुवंध पंजीकरण हेतु स्वीकार्य नहीं होगा। भूमि मालिक एवं बटाईदार के मध्य एक ही अनुवंध मान्य होगा। कृषि भूमि मालिक एवं काश्त करने वाले किसान के मध्य नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर अनुवंध किया जाना है।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

5.2 भूमि मालिक यदि चाहे तो जनआधार कार्ड के आधार पर अपना अथवा बंटाईदार/ठेके पर लेने वाले किसान की स्थिति में उसके नाम से पंजीयन करवा सकता है अर्थात एक जनआधार कार्ड पर केवल एक ही पंजीयन स्वीकार होगा।

5.3 भूमि मालिक एवं बंटाईदार/ठेके पर लेने वाले किसान के दो पृथक-पृथक पंजीयन स्वीकार नहीं होंगे अर्थात् भूमि मालिक किसान स्वयं अथवा बंटाईदार/ठेके पर लेने वाले किसान दोनों में से कोई एक जिन्स विक्रय कर सकेगा।

5.4 बंटाईदार/ठेकानामा :- पंजीकरण के लिए बंटाईदार/ठेके पर लेने वाले किसान एवं भूमि मालिक दोनों के जन आधार कार्ड में पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी. सत्यापन पश्चात् पंजीकरण संभव होगा।

5.5 बंटाईदार की स्थिति में ओ0टी0पी0 सत्यापन तथा अनुबंध की प्रति पृथक से अपलोड करवानी होगी, जो कि 250 KB से कम होनी चाहिए।

6. पंजीकरण की अधिकतम सीमा -

(अ) राज्य की पंजीयन सीमा

**भारत सरकार से जिन्सवार प्राप्त लक्ष्यों के अनुसार प्रति किसान 40 क्विंटल की उपार्जन सीमा अनुसार 125 प्रतिशत तक फसलवार पंजीयन किये जाने है। अधिकाधिक किसानों को लाभान्वित किए जाने एवं खरीद लक्ष्यों को प्राप्त किए जाने हेतु पंजीयन में वृद्धि समीक्षा उपरांत की जा सकेगी।**

(ब) जिले की पंजीयन सीमा

सरसों-चना के कृषि विभाग से प्राप्त जिलेवार उत्पादन अनुमान के आधार पर जिले में उत्पादित जिन्स के 25 प्रतिशत तक खरीद की सीमा होगी। जिले की खरीद सीमा एवं प्रति कृषक 40 क्विं. अधिकतम क्रय के आधार पर प्राप्त कृषकों की संख्या से जिले की खरीद मात्रा की सीमा एवं प्रति कृषक निर्धारित अधिकतम क्रय मात्रा के आधार पर सक्षम स्तर से प्राप्त स्वीकृति अनुसार जिलेवार, जिन्सवार पंजीयन किया जा सकेगा। जिन जिलों से तहसीलवार उत्पादन की सूचना प्राप्त नहीं हुई है उन जिलों के केन्द्रों के लिए पंजीयन क्षमता रबी 2025 के अनुसार प्रथमतः निर्धारित की जा रही है।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

(स) तहसील की पंजीयन सीमा

सरसों-चना हेतु केन्द्रों की पंजीकरण सीमा का आंकलन निम्न फॉर्मूला अनुसार किया जावेगा :-

$$\left[ \frac{\text{तहसील का उत्पादन क्विंटल में (जिन्स का नाम- सरसों-चना)}}{\text{जिले में जिन्स का कुल उत्पादन क्विंटल में (जिन्स का नाम - सरसों-चना)}} \times \text{जिले की जिन्स विशेष हेतु पंजीकरण सीमा} \right]$$

(द) क्रय केन्द्र की पंजीयन सीमा

रबी 2026 में समर्थन मूल्य खरीद हेतु राज्य में अधिकाधिक खरीद केन्द्र खोले जाने के दृष्टिगत क्रय केन्द्रों की पंजीकरण सीमा जिस तहसील से क्रय केन्द्र है, उस तहसील के उत्पादन अनुमान के आधार पर एवं प्रत्येक कय केन्द्र पर यथासंभव अधिकतम 2000 टोकन क्षमता के आधार पर तय की जानी है ताकि अधिकाधिक खरीद केन्द्रों को टोकन आवंटित किए जाकर खरीद की जा सके। पंजीकरण एवं दिनांक आवंटन खरीद की गारंटी नहीं होगी, अधिकाधिक किसानों को अवसर प्रदान करने की दृष्टि से पंजीकरण किये जाने है। किसानों के पंजीयनों को ध्यान में रखते हुये समय-समय पर समीक्षा कर जिले की सीमा के अन्तर्गत पंजीयन सीमा का समायोजन किया जा सकेगा।

यदि तहसील के कुल उत्पादन के आधार पर (40 क्विंटल प्रति किसान खरीद सीमा) गणना की गई क्षमता 2000 प्रति केन्द्र से कम आती है, तो उस स्थिति में संबंधित क्रय केन्द्रों की अधिकतम पंजीकरण क्षमता तहसील की उत्पादन आधारित कुल क्षमता के अनुसार निर्धारित की जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि तहसील के अंतर्गत आने वाले सभी क्रय केन्द्रों की कुल पंजीकरण क्षमता, तहसील की निर्धारित अधिकतम क्षमता से अधिक नहीं होगी। प्रत्येक केन्द्र की पंजीकरण क्षमता गतिशील (Dynamic) रहेगी, परंतु किसी भी स्थिति में तहसील की कुल निर्धारित क्षमता को पार (Cross) नहीं करेगी।

उदाहरण - 1

यदि किसी तहसील की अधिकतम क्षमता 10,000 (किसान) है तथा उस तहसील के अंतर्गत 6 क्रय केन्द्र आते हैं, तो प्रत्येक केन्द्र की अधिकतम क्षमता 2000 निर्धारित की जाएगी, क्योंकि प्रति केन्द्र अधिकतम सीमा 2000 तय की गई है। किन्तु जैसे ही सभी केन्द्रों पर कुल मिलाकर पंजीकरण संख्या 10,000 हो जाएगी, उसी समय सभी केन्द्रों पर पंजीकरण स्वतः बंद कर दिया जाएगा।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय–विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर–302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

उदाहरण – 2

यदि किसी तहसील की अधिकतम क्षमता 1,500 (किसान) है तथा उस तहसील के अंतर्गत 6 क्रय केन्द्र आते हैं, तो इस स्थिति में केन्द्रों की क्षमता तहसील की कुल सीमा (1,500) के अधीन रहेगी, न कि 2000 के अनुसार अर्थात् सभी केन्द्र मिलकर कुल 1,500 पंजीकरण तक ही कार्य करेंगे। जैसे ही कुल पंजीकरण संख्या 1,500 होगी, सभी केन्द्रों पर पंजीकरण बंद कर दिया जाएगा। इस प्रकार केन्द्रों की क्षमता परिस्थिति के अनुसार गतिशील (Dynamic) रूप से कार्य करेगी।

उदाहरण – 3

यदि कोई क्रय केन्द्र दो तहसीलों में मैप (Mapping) है, तो उस स्थिति में किसान जिस तहसील के माध्यम से पंजीकरण हेतु आएगा, उसी तहसील की निर्धारित अधिकतम क्षमता लागू होगी।

उदाहरणार्थ –
तहसील A की अधिकतम क्षमता = 1,500 एवं तहसील B की अधिकतम क्षमता = 1,700
दोनों तहसीलों का एक सामान्य (Common) क्रय केन्द्र = C

अब यदि कोई किसान तहसील A का चयन करके केन्द्र B पर पंजीकरण करता है, तो उस स्थिति में अधिकतम सीमा 1,500 मानी जाएगी। परंतु यदि किसान तहसील B का चयन करके उसी केन्द्र C पर पंजीकरण करता है, तो उस स्थिति में अधिकतम सीमा 1,700 मानी जाएगी। अर्थात् इस प्रकार की स्थिति में केन्द्र C की अधिकतम क्षमता संबंधित तहसील की सीमा के अनुसार निर्धारित होगी, तथा उसी के अनुरूप गणना की जाएगी।

(द) समर्थन मूल्य रबी 2026–27 के दौरान किसानों को तुलाई हेतु संदेश भेजे जाने हेतु किसानों की संख्या का निर्धारण आनुपातिक रूप से ऑनलाईन सिस्टम द्वारा जिन्सवार स्वतः वरीयता क्रम में किसानों को उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर संदेश जारी किये जा सकेंगे।

<u>7. क्रय केन्द्र –</u>

सरसों–चना के लिए ही पंजीकरण मान्य होगा, अन्य जिन्स के लिए यदि किसान द्वारा पंजीकरण करवाया जाता है तो वह स्वीकार्य नहीं होगा। किसान की कृषि भूमि जिस तहसील में होगी उसी तहसील के कार्य क्षेत्र में आने वाले क्रय केन्द्र का चयन फसल विक्रय हेतु किसान द्वारा किया जा सकेगा। **यदि कृषक/ई–मित्र द्वारा गलत तहसील भरकर पंजीयन कराया गया है, तो जिन्स क्रय नहीं किया जावेगा।** रबी सीजन वर्ष 2026–27 में समर्थन मूल्य पर सरसों–चना के केन्द्रों की सूची पृथक से जारी की जा रही है। क्षेत्र से मांग प्राप्त होने पर परिक्षणोपरांत और अतिरिक्त केन्द्र स्थापित किये जा सकेंगे। कृषक के द्वारा क्रय केन्द्र के स्थानान्तरण के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय–विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर–302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

यदि कृषक/ई–मित्र द्वारा वास्तविक तहसील के स्थान पर अन्य गलत तहसील भरकर पंजीयन करवाता है तो जिन्स क्रय नहीं किया जावेगा।

8. मोबाईल नम्बर –

किसान द्वारा एक मोबाईल नम्बर पर केवल एक पंजीकरण दर्ज करवाया जा सकेगा अर्थात प्रत्येक पंजीकरण में पृथक–पृथक मोबाईल नम्बर दर्ज होगें जिसमें वह अपने सरसों–चना के पंजीकरण में दर्ज करवा सकेगा।

9. अन्य –

9.1 यदि किसान किसी कारणवश निर्धारित दिनांक को क्रय केन्द्र पर अपनी जिन्स का विक्रय नहीं कर पाता है, तो **वह 10 दिवस की अवधि में अपना जिन्स कभी भी तुलवा सकता है।**

9.2 तुलाई पश्चात् किसान का ऑनलाइन बिल आधार आधारित बायोमैट्रिक अभिप्रमाणन/फेस ऑथेन्टिकेशन पश्चात् जनरेट कर विक्रय पर्ची की एक प्रति किसान को केन्द्र प्रभारी द्वारा अवश्य दी जाएगी। तुलाई के दिवस ही विक्रय पर्ची जारी करनी आवश्यक है ।

9.3 जिन्स विकय के पश्चात् किसानों को भुगतान भारत सरकार की पीएसएस गाईडलाईन अनुसार आधार कार्ड/जनआधार कार्ड से लिंक बैंक खाते में विक्रय की गई जिन्स का भुगतान किया जाना है।

9.4 खरीद प्रभारी/ऑपरेटर द्वारा तीन बार एसएसओ आईडी पर बायोमैट्रिक/ओटीपी गलत प्रविष्टि करने पर आई. डी. स्वतः ब्लॉक हो जाएगी।

9.5 अगर पंजीकृत किसान किसी कारणवश जिन्स तुलाई हेतु केन्द्र पर नहीं आता है तो क्रय केन्द्र पर अपनी सहमति देकर जनआधार कार्ड में अंकित सदस्य को नॉमिनी बना सकता है। यदि जनआधार कार्ड में उस व्यक्ति का नाम नहीं है तो मुख्यालय स्तर पर शपथ–पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् नॉमिनी बना सकेगा।

9.6 कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर दलहन–तिलहन की ऑनलाइन खरीद रबी 2026–27 के दौरान वास्तविक किसानों की पहचान हेतु आधार आधारित बायोमेट्रिक अभिप्रमाणन पश्चात ही की जाएगी। किसान की बायोमैट्रिक पहचान के उपरान्त ही जिन्स की तुलवाई की जावेगी। ओटीपी के आधार पर किसान की पहचान एवं जिन्स तुलवाई नहीं की जावेगी। अतः समस्त क्रय केन्द्रों पर L1 बायोमेट्रिक मशीन होना अनिवार्य है। **POS मशीने उपलब्ध कराये जाने पर किसान की बायोमैट्रिक पहचान POS मशीन द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा।**

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

**10. ऑनलाइन पंजीकरण में समस्याएं एवं निराकरण –**

विभिन्न क्रय केन्द्रों एवं कृषकों को ऑनलाईन पंजीकरण में आने वाली व्यवहारिक समस्याओं का निराकरण निम्नानुसार करने की व्यवस्था की गई है :-

| क्र.सं. | ऑनलाईन पंजीकरण में समस्या | निराकरण |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन पंजीकरण में जन-आधार कार्ड महिला मुखिया के नाम होने तथा कृषि भूमि पति/पत्नी के नाम होने के कारण पंजीकृत किसान की कृषि जिन्स खरीद करने बाबत। | जन-आधार कार्ड में एक पंजीयन की शर्त यथावत रहेगी। जन-आधार कार्ड महिला मुखिया के नाम होने के कारण एवं गिरदावरी पति के नाम होने की स्थिति में ऐसा एक पंजीयन स्वीकार किया जा सकता है। |
| 2. | किसान को तुलाई दिनांक आवंटन के पश्चात 10 दिवस में जिन्स तुलाई नहीं होने की स्थिति में तुलाई प्रकिया। | किसान को दिनांक आवंटन होने के बाद खरीद केन्द्र पर बारदाने के अभाव/क्रय की गई जिन्स का उठाव नहीं होने, बायोमैट्रिक पहचान नहीं होने या अन्य वाजिब कारण से यदि तुलाई नहीं हुई है तो ऐसे कृषकों की जिन्स की तुलाई हेतु कृषक के प्रार्थना पत्र के साथ क्रय केन्द्र के माध्यम से सबंधित क्षेत्रीय अधिकारी को प्रेषित करेंगे जिसे क्षेत्रीय अधिकारी राजफेड द्वारा अपनी अनुशंषा सहित मुख्यालय को प्रेषित करेंगे। राजफेड मुख्यालय स्तर से स्वीकृति उपरांत जिन्स की तुलाई हो सकेगी। |
| 3. | यदि गिरदावरी में अंकित नाम का मिलान जन-आधार कार्ड में अंकित परिवार के सदस्यों के नाम से नहीं होता है तो ऐसे पंजीकरण की स्थिति के सबंध में। | यदि गिरदावरी में अंकित नाम का मिलान जन-आधार कार्ड में अंकित परिवार के सदस्यों के नाम से नहीं होता है तो ऐसे पंजीयन खरीद हेतु स्वीकार नहीं किये जाऐंगे। |

**11. ई-मित्र के दायित्व –**

11.1 ई-मित्र का दायित्व होगा कि पंजीकरण से संबंधित नियमों की पूर्ण पालना करते हुए किसानों का **सरसों-चना** का विक्रय हेतु पंजीकरण किया जावे।

11.2 ई-मित्र द्वारा पंजीकरण कार्य में अनियमितता/लापरवाही बरतने की स्थिति में सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग (डीओआईटी), राजस्थान सरकार द्वारा ई-मित्र के विरूद्ध पुलिस कार्रवाई ई-मित्र का लाईसेंस निरस्त करने, शास्ती अधिरोपित करने आदि संबंधी कार्रवाई की जा सकेगी। इसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होंगें। **संबंधित क्षेत्रीय अधिकारीगण अपने-अपने जिला स्तर से भी ई-मित्र कियोस्क धारकों को पाबन्द कराना सुनिश्चित करें।**

11.3 पंजीकरणकर्ता ई-मित्र/समिति पंजीयन से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों का पालन करने के लिये दायित्वाधीन होंगें :-

1. आधारकार्ड/जनआधार कार्ड में मोबाईल नम्बर एवं प्रचलित बैंक खाता Seeded होने का सत्यापन करें।
2. **जिस तहसील में भूमि है उस तहसील के केन्द्र पर ही पंजीयन किया जावे अन्यत्र तहसील पर पंजीकरण करने की स्थिति में कृषक से जिन्स क्रय नहीं की जावेगी** एवं उक्त निर्देशों का पालन नहीं करने पर सम्बन्धित ई-मित्र/समिति के खिलाफ कार्रवाई की जावेगी।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
# RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

3. किसान का पंजीयन ऑनलाईन गिरदावरी के माध्यम से किया जाए।
4. जमाबन्दी के आधार पर पंजीयन स्वीकार्य नही होगें।

## 12. तुलाई हेतु मैसेज

तुलाई हेतु कृषक को संदेश भेजे जाने की संख्या का निर्धारण सामान्यतः सिस्टम द्वारा जिन्सवार वरीयता क्रम में केन्द्र पर कुल पंजीयन संख्या एवं तुलाई हेतु कुल कार्यदिवस के आधार पर किया जाता है। केन्द्रों पर जिन्स तुलाई की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दृष्टि से समर्थन मूल्य रबी 2026–27 के दौरान किसानों को तुलाई हेतु संदेश भेजे जाने हेतु किसानों की संख्या का निर्धारण ऑनलाईन सिस्टम द्वारा जिन्सवार स्वतः वरीयता क्रम में किसानों को उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर संदेश जारी किये जा सकेंगे।

## 13. किसान से जिन्स की क्रय प्रक्रिया निम्नानुसार है :–

1. क्रय केन्द्र पर पहुँचने वाले कृषक से प्रथमतः निम्न दस्तावेज प्राप्त किये जावे :–
   (I) जन–आधार कार्ड
   (II) आधार कार्ड
   (III) बैंक पास बुक की प्रति
   (IV) बटाईदार की स्थिति में बटाईदार का मूल अनुबंध

दस्तावेजों एवं भूमि रिकॉर्ड में किसी भी तरह की कटिंग, ओवरराईटिंग, इरेजिंग (erasing) मान्य नहीं होगी एवं ऐसे किसान से खरीद नहीं की जावेगी। यदि ऐसे किसान से दलहन–तिलहन की खरीद की गई, तो समिति मुख्य व्यवस्थापक/खरीद केन्द्र प्रभारी स्वंय उत्तरदायी होंगे एवं संबंधित दोषी कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय/अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

2. जिन्स की एफएक्यू गुणवत्ता मापदंडो की जाँच की जाए।
3. कृषक द्वारा गिरदावरी में अंकित जिन्स के बोये गये क्षेत्रफल एवं जिले की उत्पादकता के अनुसार क्रय की जाने वाली मात्रा तक ही जिन्स की खरीद की जानी है। क्रय केन्द्र द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक खरीद की जाती है तो केन्द्र प्रभारी स्वंय उत्तरदायी होंगे एवं संबंधित दोषी कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय/अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
4. सैम्पल पास होने के उपरान्त केन्द्र पर तुलाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
5. खरीद के समय मुख्य व्यवस्थापक/प्रभारी किसान के बैंक खाते की जाँच कर सही पाए जाने की स्थिति में ही विक्रय पर्ची जारी करेंगे। यदि किसान का भुगतान असफल होता है तो पूर्ण जिम्मेदारी समिति के मुख्य व्यवस्थापक/खरीद केन्द्र प्रभारी की होगी। तुलाई के पश्चात् ऑनलाईन विक्रय पर्ची कृषि जिन्स विक्रय दिवस को ही जारी **की जानी अनिवार्य होगी।**

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

RAJFED

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

**6. ऑनलाईन विक्रय पर्ची के अभाव में खरीद पोर्टल पर दर्ज नहीं हो सकेगी।**

**7. ऑनलाईन बिल जारी करने हेतु मुख्य व्यवस्थापक/क्रय केन्द्र प्रभारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।**

**8. ऑफलाईन खरीद करने अथवा निर्धारित समय में ऑनलाईन विक्रय बिल नहीं बनाने पर संबंधित समिति उत्तरदायी होगी।**

**9. ऑफलाईन खरीद किये जाने पर भुगतान का दायित्व राजफेड का नहीं होगा एवं ऑफलाईन क्रय जिन्स समिति की होगी एवं इस क्रम में समस्त दायित्व संबंधित समिति का होगा।**

10. कृषि जिन्स खरीद का समस्त रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाकर पोर्टल पर दर्ज करवानें की सुनिश्चितता करें।

11. भारत सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मापदण्डों के अनुसार एफ.ए.क्यू. श्रेणी का जिन्स (दलहन-तिलहन) लाने का उत्तरदायित्व स्वयं किसान का होगा।

**12. कृषि जिन्स कांटे तक लाये जाने हेतु वसूल योग्य राशि समिति द्वारा संबंधित किसान से प्राप्त कर उसकी रसीद कृषक को दी जाएगी तथा रसीद की एक प्रति समिति अपने रिकॉर्ड में सुरक्षित रखेगी तथा मण्डी लेबर की राशि का भुगतान समिति द्वारा संबंधित लेबर/ठेकेदार को किया जाएगा।**

13. विक्रय पर्ची काटते समय 2 चैक बॉक्स (बैंक खाता चैक, गिरदावरी चैक) के ऑप्शन को ऑपरेटर द्वारा टिक मार्क किया जावेगा एवं घोषणा की जावेगी की "मैनें किसान के बैंक खाता एवं गिरदावरी का मिलान कर लिया है और इसमें कोई गलती नहीं है, जिसकी मेरे द्वारा जाँच कर ली गई है। तत्पश्चात् ही विक्रय पर्ची काटी जा सकेगी।

14. खरीद केन्द्र पर कार्यरत ऑपरेटर राजफेड किसान एप पर बोरियों पर लगे क्यू.आर. कोड स्टीच/स्कैन करेंगे तथा केन्द्र प्रभारी द्वारा उक्त स्टॉक को भण्डारगृह में जमा कराने हेतु डिस्पेच किया जावेगा।

समर्थन मूल्य **सरसों, चना** खरीद में किसी प्रकार की समस्या हो तो किसान हेल्पलाईन नम्बर 18001806001 पर दर्ज करा सकेंगें एवं संबंधित क्रय-विक्रय सहकारी समिति/क्षेत्रीय कार्यालय राजफैड तथा मुख्यालय में स्थापित कॉल सेंटर पर शिकायत दर्ज करा सकेंगें।

**13.1 उत्पादकता**

रबी वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर सरसों, चना की खरीद हेतु संयुक्त निदेशक, कृषि सांख्यिकी, राजस्थान के पत्र क्रमांक एफ6(iii) आ.कृ./मु.आ.अ./प्रोक्यो/दल0-तिल0/2025/2395-96 दिनांक 15.01.2026/19.01.2026 के माध्यम से संभावित बुआई, उत्पादन, आवक की सूचना एवं नोटिफिकेशन की सूचना प्राप्त हुई है, की प्रति संदर्भ हेतु **परिशिष्ट-2,3** पर संलग्न है। **जिले की औसत उत्पादकता एवं मूल गिरदावरी में दर्शित बोये गये जिन्स के क्षेत्रफल के आधार पर किसान से खरीद किये जाने का दायित्व समिति मुख्य व्यवस्थापक/केन्द्र प्रभारी का होगा।**

Scanned with OKEN Scanner

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

### 13.2 मंदिर की कृषि एवं रिसीवरी भूमि से सम्बन्धित दलहन/दलहन की खरीद प्रक्रिया

मन्दिर माफी की भूमि एवं रिसीवरी भूमि पर काश्त करने वाले किसानों से समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीद की मांग समय-समय पर की जाती रही है। पूर्व में सक्षम स्तर से प्राप्त स्वीकृति अनुसार उपरोक्त प्रकरणों में समर्थन मूल्य पर दलहन तिलहन की खरीद के लिए निम्नानुसार निर्देश जारी किये जाते है :-

1. देव स्थान/मन्दिर मूर्ति की भूमि के प्रकरण में राजस्व रिकॉर्ड यथा जमाबंदी/खसरा गिरदावरी में मन्दिर मूर्तियों के नाम दर्ज भूमियों पर **काश्त करने वाले काश्तकारों के नाम तहसील में एक पंजिका में पृथक से दर्ज होते है इन प्रकरणों में तहसीलदार द्वारा सबंधित काश्तकार को संबंधित खसरा नम्बर में काश्त करने बाबत एक प्रमाण पत्र जारी किया जावेगा, प्रमाण पत्र के आधार पर संबंधित खसरा नम्बर में पैदा हुई दलहन-तिलहन को नियमानुसार समर्थन मूल्य पर क्रय किया जा सकेगा।**

2. कई प्रकरणों में विभिन्न न्यायालयों द्वारा रिसीवरी की भूमियाँ दी जाती है जिनमें प्रतिवर्ष काश्त हेतु भूमि की नीलामी की जाती है। नीलामी में लेने वाले काश्तकारों द्वारा उन भूमियों पर काश्त की जाती है। **न्यायालय आदेशों से रिसीवरी में दी गई भूमियों की जानकारी तहसील मे पृथक पंजिका संधारित की जाती है। अतः संबंधित तहसीलदार के प्रमाण पत्र के आधार पर नीलामी में भूमि काश्त पर लेने वाले काश्तकार से दलहन तिलहन की नियमानुसार समर्थन मूल्य खरीद की जा सकेगी।**

3. मन्दिर माफी/देव मूर्तियों की भूमियों के सबंध में काश्त करने वाले पुजारियों की समस्याओं के समाधान बाबत संयुक्त शासन सचिव राजस्व(ग्रुप-6) के परिपत्र क्रमांक 3(2) राज-6/2007 पार्ट/5 दिनांक 12.09.18 की प्रति परिशिष्ट-4 पर संलग्न है।

### 13.3 बंटाईदार/ठेकानामा कृषक से खरीद प्रक्रिया

**बंटाईदार कृषक की जिन्स क्रय किये जाने से पूर्व खरीद केन्द्र प्रभारी भूमि मालिक या बंटाईदार/ठेका लेने वाले कृषक दोनों में से किसी एक कृषक से ही खरीद किया जाना सुनिश्चित करेंगे। बंटाईदार/ठेका लेने वाले कृषक से खरीद किये जाने हेतु केन्द्र प्रभारी एक रजिस्टर का संधारण करेंगे, जिसमें भूमि मालिक एवं बंटाईदार/ठेका लेने वाले कृषक की दोनों की डिटेल का अंकन किया जावे एवं बंटाईदार कृषक से खरीद किये जाने से पूर्व रजिस्टर/रिकॉर्ड से मिलान कर यह सुनिश्चित किया जावे कि भूमि मालिक एवं बंटाईदार/ठेका लेने वाले कृषक में से किसी एक के द्वारा पूर्व में तुलाई तो नहीं कराई गई है रजिस्टर का संधारण निम्न प्रारूप निम्नानुसार किय जाए :-**

| भूमि मालिक | | | | बंटाईदार | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भूमि मालिक का नाम | जन-आधार कार्ड का न. | मो.न. | भूमि का खाता सं. | बंटाईदार का नाम | जन-आधार कार्ड का न. | मो.न. | भूमि का खाता सं. | जिन्स जिसके लिये अनुबन्ध किया गया है। |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |

Scanned with OKEN Scanner

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

RAJFED

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

उक्त सूचना रजिस्टर के साथ-साथ राजफेड द्वारा प्रेषित एक्सल शीट में भी संधारित की जानी है। यदि पंजीयन दोहराया जाना पाया जाता है, तो ऐसे पंजीयन पर जिन्स की खरीद नहीं की जानी है। क्रय केन्द्र प्रभारी/समिति मुख्य व्यवस्थापक 25 प्रतिशत बटाई अनुबंधों को सत्यापन करेंगे।

समिति द्वारा बंटाईदार के अनुबंध का सत्यापन भूमि मालिक से आवश्यक रूप से किया जाए। इस हेतु क्रय केन्द्र प्रभारी एवं समिति मुख्य व्यवस्थापक संयुक्त रूप से उत्तरदायी होंगे।

**13.4 कृषि जिन्स खरीद मात्रा**

भारत सरकार के निर्देशानुसार एक दिन में एक किसान से अधिकतम 80 कट्टे (50 किलो भर्ती) जिन्सवार क्रय किये जा सकेंगे अर्थात एक किसान से एक दिन में अधिकतम 40 क्विंटल कृषि जिन्स न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिन्सवार क्रय किये जा सकेंगे।

**14. गुणवत्ता मापदण्ड –**

भारत सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर क्रय किये जाने हेतु विभिन्न जिन्सों की खरीद हेतु अलग-अलग गुणवत्ता मापदंड निर्धारित किये गये है। **एफ.ए.क्यू. गुणवत्ता की जिन्स विक्रय हेतु लाये जाने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित कृषक का होगा। अतः काश्तकार क्रय केन्द्र पर जिन्स विकय हेतु लाने से पूर्व किसी परेशानी से बचने के लिए यह सुनिश्चित कर लें कि उनकी जिन्स गुणवत्ता मापदंडो के अनुकूल है। यदि अनुकूल नही हो तो कृषक स्वयं अपने स्तर पर ग्रेडिंग कर क्रय केन्द्र पर लावें।**

रबी 2026-27 में समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत चना, सरसों की खरीद हेतु निर्धारित गुणवत्ता मापदंड की प्रति संदर्भ हेतु **परिशिष्ट-5 से 6** पर संलग्न है। **केवल मात्र निर्धारित गुणवत्ता मापदण्डों के अनुरूप क्रय की गयी चना, सरसों ही योजनान्तर्गत स्वीकार किया जायेगा।**

**15. नकली सरसों की पहचान –**

**गत सीजन में क्रय केन्द्रों पर नकली सरसों लाये जाने के प्रकरण भी संज्ञान में आए है। क्रय केन्द्र पर कृषकों द्वारा लाई गई सरसों गुणवत्ता मापदण्ड के अनुरूप हो यह सुनिश्चित करने के लिए नकली सरसों का परीक्षण करना भी अतिआवश्यक हो गया है। अतः प्रत्येक कृषक से सरसों क्रय करने से पूर्व कृषक द्वारा लाये गये सरसों के सैम्पल को मौके पर ही कृषक की उपस्थिति में पानी से भरी हुई बाल्टी में सैम्पल डालकर परीक्षण किया जावें, यदि पानी में सरसों घुल जाती है तो इससे यह स्पष्ट है कि उक्त सरसों असली न होकर कृत्रिम रूप से अन्य पदार्थों के तैयार किये गए दाने है जो खरीद हेतु स्वीकृत नहीं है।**

Scanned with OKEN Scanner

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

क्रय केन्द्र पर गुणवत्ता मापदंडों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जावे। समिति के मुख्य कार्यकारी/खरीद प्रभारी एफ.ए.क्यू. मापदण्डों के अनुरूप खरीद करने के लिये उत्तरदायी होंगे। कृषि जिन्स के गुणवत्ता मापदण्डों के सम्बन्ध में विवाद उत्पन्न होने पर निम्न कमेटी की बैठक आहूत कर जिन्स के एफ.ए.क्यू./नॉन एफ.ए.क्यू. गुणवत्ता के विवाद का निस्तारण किया जावे :-

1. व्यवस्थापक क्रय-विक्रय सहकारी समिति /प्रभारी, क्रय केन्द्र अध्यक्ष
2. हल्का निरीक्षक (सहकारिता) सदस्य
3. सम्बन्धित कृषि उपज मंडी समिति का सचिव या सचिव द्वारा नामित प्रतिनिधि सदस्य
4. सम्बन्धित कृषि पर्यवेक्षक कृषि विभाग सदस्य

गुणवत्ता का निर्धारण बहुमत से किया जायेगा। मत बराबर होने पर अध्यक्ष को निर्णायक मत देने का अधिकार होगा। कमेटी की कार्रवाई को लिपिबद्ध किया जावे और समिति रिकॉर्ड में सुरक्षित रखी जावे।

गुणवत्ता मापदंडो के आधार पर कृषि जिन्स रिजेक्शन की स्थिति में किसान को रिजेक्शन के कारणों से अवगत कराते हुए सन्तुष्ट किया जावे एवं रिजेक्शन स्लिप एवं रजिस्टर पर संबंधित किसान के हस्ताक्षर करवाये जावे एवं केन्द्र पर संधारित किये जाने वाले रजिस्टर में रिजेक्शन के कारणों का भी उल्लेख किया जावे। रिजेक्शन रजिस्टर का प्रारूप निम्नानुसार है :-

क्रय-विक्रय सहकारी समिति.............केन्द्र का नाम....................

रिजेक्शन रजिस्टर

| क्र. सं. | जिन्स का नाम | किसान का नाम पता | पंजीकरण संख्या | पंजीकृत मोबाईल नम्बर | तुलाई हेतु आवंटित दिनांक | जिन्स रिजेक्शन का आधार | किसान के हस्ताक्षर | केन्द्र प्रभारी हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |

केन्द्र पर जिन्स के रिजेक्शन की स्थिति में कृषि जिन्स की गुणवत्ता के सबंध में पूर्ण रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज किया जावे एवं सैम्पल की पर्ची में किसान का नाम, क्रय रजिस्टर में अंकित क्रमांक, दिनांक तथा किसान के ऑनलाईन पंजीकरण के क्रमांक एवं दिनांक तथा जिन्स में नमी की मात्रा का भी उल्लेख किया जावे।

**सैम्पल – क्रय केन्द्र पर किसान का माल नॉन एफ.ए.क्यू. होने पर ही 500 ग्राम का सैम्पल लिया** जावे।

कृषक द्वारा लायी गयी जिन्स यदि नॉन एफ.ए.क्यू. है एवं यदि अतिरिक्त छनाई, ग्रेडिंग आदि की आवश्यकता है तो कृषक द्वारा यह कार्य स्वयं के स्तर से कराया जावेगा।

कृषक द्वारा लायी गयी नॉन एफ.ए.क्यू. जिन्स का क्रय केन्द्र से तुरंत उठाव सुनिश्चित किया जावें। नॉन एफ.ए.क्यू. जिन्स क्रय केन्द्र पर किसी भी स्थिति में पड़ी नहीं रहे।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

16. खरीद केन्द्र पर विडियोग्राफी –

समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से एवं कृषक की वास्तविक पहचान सुनिश्चित करने के लिए विडियोग्राफी कराया जाना अतिआवश्यक है। अतः सभी खरीद केन्द्र पिड पर एवं क्रय केन्द्र पर ट्रकों के लोडिंग पॉइन्ट पर ट्रकों की विडियोग्राफी की पुख्ता व्यवस्था करें। यह इसलिए भी आवश्यक है कि कई बार क्रय केन्द्रों के संबंध में राशि मांगने अथवा खरीद कार्य में सहयोग नहीं करने की शिकायतें प्राप्त होती है एवं जाँच कराने पर शिकायतें मिथ्या पाई जाती है।

अतः मिथ्या शिकायतों को प्रभावी तरीके से रोकने के लिए विडियोग्राफी कराया जाना अति आवश्यक है, यदि किसी किसान/व्यक्ति द्वारा मिथ्या शिकायत की जाती है तो उसका विडियोग्राफी के आधार पर पुलिस में संबंधित केन्द्र द्वारा प्रकरण दर्ज करवाकर शिकायतकर्ता के विरूद्ध पुलिस कार्रवाई अमल में लाई जावें ताकि खरीद व्यवस्था को पारदर्शितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया जा सके।

17. दलहन-तिलहन खरीद उपरान्त भण्डारगृह में कृषि जिन्स का जमा नहीं होना –

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीद ऑनलाइन प्रक्रियानुसार की जाती है। क्रय केन्द्रों द्वारा किसान से क्रय की गयी कृषि जिन्स भण्डारगृह में जमा नहीं करवाये जाने पर संबंधित समिति एवं केन्द्र प्रभारी स्वयं उत्तरदायी होगें एवं ऐसी खरीद के भुगतान व अन्य व्यय की जिम्मेदारी संबंधित समिति की होगी। ऐसे प्रकरणों में विभाग द्वारा संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जा सकेगी।

18. बारदाना व्यवस्था –

18.1 बारदाने की आपूर्ति राजफेड द्वारा की जाएगी। क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा अनिवार्य रूप से प्राप्त बारदाना एवं वितरित बारदाने का विवरण समितिवार पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। **नेफेड/एनसीसीएफ से प्राप्त होने वाले बारदाने का क्रय केन्द्र/भण्डारंगृह पर सुरक्षित रूप से भण्डारण करवाया जाए ताकि केन्द्र पर खरीद के दौरान बारदाने का समुचित रूप से उपयोग किया जा सके। बारदाने की सुरक्षा का दायित्व संबंधित समिति का होगा।**

भण्डारगृह में उपलब्ध बारदाने को संबंधित केन्द्रों पर प्राथमिकता पर उपलब्ध कराया जाए। केन्द्र पर जिन्सवार पंजीयन एवं खरीद को ध्यान में रखते हुए बारदाने की पाक्षिक मांग से अविलम्ब अवगत कराया जाए ताकि समय पर बारदाने की आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा सके। बारदाने की पाक्षिक आवश्यकता का आंकलन कर राजफेड को 15 दिवस अग्रिम अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें क्योंकि नेफेड/एनसीसीएफ से बारदाना प्राप्त होने में लगभग एक सप्ताह का समय लगता है।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय–विक्रय संघ लि.
# RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर–302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

क्षेत्र की समिति/गोदाम में भण्डारित एस.बी.टी. एवं बी.टी. बारदाने को आवश्यकतानुसार समितियों को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि खरीद कार्य निर्बाध रूप से सम्पन्न कराया जा सके। यह भी उल्लेखनीय है कि समितियों द्वारा आवश्यकतानुसार गोदाम/एक समिति से दूसरी समिति पर भिजवाये जाने वाले बारदाने पर होने वाले पुनः परिवहन के खर्चों/क्लेम सीजन समाप्ति पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि अपेक्षित कार्यवाही की जा सके।

अतः खरीद आरंभ होने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लेवे कि जिन खरीद केन्द्रों पर बारदाने की आवश्यकता है वहां आपके क्षेत्र की निकटतम समिति/भण्डारगृह में उपलब्ध बारदाने में से आवश्यकतानुसार बारदाना भिजवाना सुनिश्चित करें, साथ ही भण्डारगृह में उपलब्ध बारदाने स्टॉक को प्राथमिकता से उठवाने का कष्ट करें।

18.2 क्रय–विक्रय सहकारी समितियॉ एवं क्षेत्रीय कार्यालय, राजफेड स्तर पर बारदाने का स्टॉक रजिस्टर संधारित किया जावेगा।

18.3 बारदाने की सुरक्षा का दायित्व संबंधित समिति/केन्द्र का होगा। समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत दलहन–तिलहन की खरीद हेतु केन्द्र पर प्राप्त बारदाने के उपयोग, आगजनी से सुरक्षा एवं भण्डारण आदि की सम्पूर्ण सुरक्षा का दायित्व संबंधित समिति का होगा। बारदाना उपयोग के उपरांत यदि कोई बारदाना शेष रहता है तो उसके सुरक्षित भण्डारण का दायित्व भी संबंधित समिति का होगा। बारदाने की गुणवत्ता प्रभावित न हो इस बात का पूर्ण ध्यान रखा जाए ताकि शेष रहे बारदाने का आगामी खरीद में सुगमता से उपयोग किया जा सके।

18.4 बारदाने में गुणवत्ता की शिकायत

बारदाने में गुणवत्ता सम्बंधी शिकायत होने में बारदाना प्राप्ति के 10 दिवस में अवगत कराया जाए। नेफैड, कोलकत्ता/एनसीसीएफ को 10 दिवस की अवधि के उपरांत प्राप्त होने वाली शिकायत पर कार्यवाही नहीं की जाएगी। अतः बारदाने में गुणवत्ता की शिकायत में बारदाना प्राप्त होते ही उसी दिवस अवगत करावे ताकि नेफैड, कोलकत्ता/एनसीसीएफ को 10 दिवस की अवधि पर उपलब्ध करवाया जा सकें।

बारदाने की गुणवत्ता, शॉर्ट साईज आदि की शिकायत होने पर सबंधित क्षेत्रीय कार्यालय राजफेड को समिति द्वारा सूचित करते हुए पंचनामा मय लघु वीडियो तैयार किया जावेगा। पंचनामा रिपोर्ट निम्न कमेटी द्वारा तैयार की जाएगी :–

1. व्यवस्थापक, क्रय–विक्रय सहकारी समिति
2. क्रय केन्द्र प्रभारी
3. मण्डी समिति का प्रतिनिधि
4. सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय, राजफेड का प्रतिनिधि
5. केन्द्र पर पंजीकृत किसानों मे से उपस्थिति एक किसान

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

19. मार्का –

बोरियों पर गहरा हरा रंग का मार्का निम्नानुसार लगाया जाना हैं :-

1. नेफेड/एनसीसीएफ
2. केन्द्र का नाम ..........................
3. **जिन्स – चना, सरसों रबी 2026-27**
4. **वजन – चना, सरसों 50 किलो नेट**
5. क्रय रजिस्टर में अंकित क्रमांक ...................... दिनांक ......................
6. किसान का ऑनलाइन पंजीकरण क्रमांक ............. दिनांक ..............

20. बोरियों में जिन्स की भर्ती एवं सिलाई –

भर्ती के समय बारदाने में मानक (स्टेण्डर्ड) भर्ती का विशेष ध्यान रखा जावे। बारदाने में स्टेण्डर्ड भर्ती सरसों, चना हेतु प्रति कट्टा 50 किलो का ध्यान रखा जावें। स्टेण्डर्ड भर्ती से कम होने के कारण वजन पूर्ति हेतु अतिरिक्त बारदाना उपयोग में लिया जाता है तो बारदाने की कीमत समिति से वसूल योग्य होगी। बारदाने में अधिक भर्ती होने का लाभ नेफेड/एनसीसीएफ द्वारा देय नहीं है एवं स्टैण्र्ड भर्ती से कम होने पर समिति उत्तदायी होगी, वजन अन्तर की राशि समिति से वसूली योग्य होगी।

21. क्यू.आर. कोड –

राजफेड़ द्वारा क्यू.आर. कोड व्यवस्था लागू कर दी गई है। बारदाना आपूर्ति व्यवस्था की भाँति क्यू.आर. कोड की आपूर्ति नेफेड/एनसीसीएफ के माध्यम से करवाई जाएगी। अतः केन्द्रवार क्यू.आर. कोड की आवश्यकता से वरिष्ठ प्रबन्धक (बारदाना) को 15 दिवस अग्रिम रूप से अवगत कराया जाए ताकि नेफेड/एनसीसीएफ से क्यूआर कोड की व्यवस्था की जा सके।

22 छाया-पानी एवं फर्स्टएड किट व्यवस्था –

खरीद प्रारम्भ होने से पूर्व कांटे-बांट का प्रमाणीकरण आवश्यक रूप से कराया जावे। समर्थन मूल्य पर कृषि जिन्सों की खरीद के सम्बन्ध में क्रय केन्द्रों पर छाया पानी, तिरपाल, रस्सी, खूंटे एवं फर्स्टएड किट आदि की व्यवस्था मण्डी प्रांगण में खरीद सम्बन्धी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए समिति स्वयं के साथ-साथ सम्बन्धित कृषि उपज मण्डी समिति के माध्यम से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जावें।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय–विक्रय संघ लि.
# RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर–302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

राजफेड द्वारा निदेशक, कृषि विपणन को खरीद केन्द्रों पर आधारभूत व्यवस्था यथा छाया–पानी, बिजली, त्रिपाल, ग्रेडिंग मशीन आदि की व्यवस्थायें कृषि उपज मण्डी समिति के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया हुआ है। मण्डी समिति के बाहर समर्थन मूल्य केन्द्रों पर मण्डी द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाने पर ऐसे केन्द्रों पर अपेक्षित व्यवस्थाएं जीएसएस द्वारा सुनिश्चित की जावेगी।

## 23. क्रय जिन्स की सुरक्षा व्यवस्था –

क्रय केन्द्र पर क्रय जिन्स की सुरक्षा का प्रबन्ध समिति द्वारा सुनिश्चित किये जावे ताकि क्रय केन्द्र से कृषि जिन्स की चोरी व स्टॉक कम नहीं हो अर्थात् क्रय केन्द्र पर क्रय की गई स्टॉक की सूरक्षा का दायित्व संबंधित समिति व्यवस्थापक/केन्द्र प्रभारी का होगा। इस बाबत मुख्य कार्यकारी अधिकारी, समिति द्वारा प्रतिदिन डे–क्लोज कर क्रय जिन्स की कुल मात्रा, भण्डारण मात्रा एवं पिड पर शेष रहे स्टॉक का पजेशन समिति के पास होने के कोलम पर पोर्टल में टिक करेंगे एवं प्रतिदिन रिपोर्ट उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ एवं सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को प्रेषित करने की सुनिश्चितता करेंगे।

क्षेत्रीय अधिकारी, राजफेड द्वारा साप्ताहिक रूप से समितिवार क्रय जिन्स की सूचना की पुष्टि करते हुए मुख्यालय को अवगत कराया जायेगा।

सम्बन्धित उप रजिस्ट्रार समय–समय पर स्टॉक के निरीक्षण एवं सत्यापन करेगे एवं कोई अनियमितता उजागर होती है तो सम्बन्धित समिति को आवश्यक निर्देश देते हुये राजफेड मुख्यालय एवं विभाग को अवगत कराया जायेगा।

## 24. हैण्डलिंग परिवहन व्यवस्था –

समर्थन मूल्य पर चना, सरसों की खरीद हेतु राज्य के विभिन्न कय केन्द्रों के लिए दिशा–निर्देश ई–बिड/एच एण्ड टी/लेखा/2026–27/7175–7276 दिनांक 03.02.2026 एवं 7081–7124 दिनांक 03.02.2026 के माध्यम से निर्देश जारी किए हुए है। (परिशिष्ट–7 व 8)

**उपरोक्त निर्देशों के क्रम में पुनः पाबन्द किया जाता है कि वित्तीय नियमों में किसी भी निविदा (टेण्डर) पर निर्णय वित्तीय शर्तों एवं नियमों के प्रकाश में अंतिम निर्णय लिये जाने की शक्ति व दायित्व संबंधित उपापन समिति का ही है और वित्तीय नियमों की यह मंशा है कि राजकीय संव्यवहारों में भाग लेने वाली फर्मों के बाबत किसी भी प्रकार का विवाद/संदेह अथवा भ्रांति न हो, इसी को रेखांकित करते हुए दिशा–निर्देशों व निविदा के वर्णित नियमों के अनुसार प्रत्येक उपापन संस्था यह सुनिश्चित कर लेवें कि भाग लेने वाली फर्में किसी भी रूप में लेशमात्र भी विवादित नहीं हो और न ही निविदादाता अकारण राजफेड के विरूद्ध पूर्व में अथवा वर्तमान में किसी न्यायालय व अन्य प्राधिकारी के समक्ष राजफेड के प्रतिपक्ष (विरोध) में हो।**

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
# RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

कृषि जिन्स क्रय प्रक्रिया में संबंधित मण्डी की हैण्डलिंग कार्य की दर आधार दर रखी जा रही है। राजस्थान राज्य में स्थापित सभी राजकीय कृषि मण्डी समितियों की वर्तमान में प्रचलित नवीनतम हैण्डलिंग दरों की प्रति संबंधित कृषि उपज मण्डी से प्राप्त की जावें। इस हेतु कृषि विपणन निदेशालय को प्रेषित पत्र क्रमांक ई–बिड/एच एण्ड टी/लेखा/2026–27/7125–7174 दिनांक 03.02.2026 प्रति संदर्भ हेतु परिशिष्ट–9 पर संलग्न है। परिवहन टेण्डर प्रक्रिया के सन्दर्भ में यदि किसी प्रकार की स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा), राजफेड, जयपुर से फोन नम्बर 0141–2740418 या ई–मेल **rajfed.fin_ac@yahoo.com.in** पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

24.1 हैण्डलिंग एवं परिवहन के दौरान दुर्घटना/चोरी आदि बाबत ट्रांजिट बीमा –

क्रय केन्द्र पर खरीद उपरांत जिन्स परिवहन हेतु समिति द्वारा परिवहनकर्ता को संभलवाया जाता है। ऐसा भी संज्ञान में आया है कि परिवहनकर्ता द्वारा जिन्स ट्रक में लोड करने के उपरांत भण्डारगृह में जमा न करवाकर खुर्द–बुर्द कर दिया गया है। इस तरह की घटनाओं की पुनर्रावृत्ति न हो एवं समिति को अनावश्यक हानि वहन नहीं करनी पडे के उद्देश्य से प्रत्येक ट्रक का चोरी दुर्घटना आदि का ट्रांजिट बीमा करवाया जावें। ट्रक में लोडिंग एवं परिवहनकर्ता को गेट पास संभलवाते समय भी विडियोग्राफी कराई जावें एवं परिवहनकर्ता द्वारा परिवहन हेतु जिन्स प्राप्त करने की पुष्टि स्वरूप परिवहनकर्ता के हस्ताक्षर एवं मोबाईल नम्बर भी अंकित करवाए जाए।

24.2 वाहन का ऑनलाईन ओ.पी.आर. पोर्टल पर चालान बनाना –

**भण्डारगृह में जिन्स भण्डारण हेतु भिजवाने से पूर्व ओ.पी.आर. पोर्टल पर ऑनलाईन चालान बनाना अनिवार्य होगा अन्यथा भण्डारगृह में जिन्स जमा नहीं हो सकेगी।**

25. हैण्डलिंग एवं परिवहन बिलों का प्रेषण एवं पुर्नभरण –

**1. हैण्डलिंग एवं परिवहन के बिलों के प्रमाणकों/सम्बन्धित दस्तावेजों की जाँच कर सम्बन्धित समिति द्वारा प्रथम बिल के साथ निविदा कमेटी की दर स्वीकृत करने सम्बन्धी अनुशंषा की प्रति एवं समिति द्वारा जारी कार्य आदेश की प्रति बिल के साथ संलग्न कर ऑनलाईन प्रेषित की जावे तथा राजफेड के ओपीआर पोर्टल पर समितियों द्वारा चैक लिस्ट (परिशिष्ट–10) अनुसार बिल अपलोड/दर्ज किए जाने है। बिल के अभाव में समितियों को पुनर्भरण देय नहीं होगा।**

2. नियमानुसार ई. वे. बिल जारी करवाया जाना भी सुनिश्चित करें।

3. नोडल एजेन्सी नेफेड/एनसीसीएफ के कार्यक्षेत्र अनुसार पृथक–पृथक बिल तैयार कर भिजवाए जाने है।

3. बिना बिलों के समितियों को हैण्डलिंग एवं परिवहन बिलों का भुगतान सम्भव नहीं होगा।

4. बिल पाक्षिक रूप से भेजे जावें।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

5. भुगतान प्रक्रिया – राजफेड द्वारा पत्र क्रमांकः फा. वाणिज्यः 2025–26/ राजकाज रेफरेन्ट नम्बर 18475087 दिनांक 28.10.2025 के द्वारा क्रय–विक्रय सहकारी समितियों को हैण्डलिंग एवं परिवहन कार्य पेटे समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किये जाने हेतु जारी किया है। वर्तमान प्रणाली अनुसार समितियों व संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों से वांछित दस्तावेज के क्लेम प्रस्तुत करने पर 3 दिवस में 50 प्रतिशत भुगतान किया जावेगा। बिल जॉच पश्चात् पारित करने पर 3 दिवस में 25 प्रतिशत एवं शेष 25 प्रतिशत राशि नेफेड/एनसीसीएफ से प्राप्त होने पर 7 दिवस में भुगतान किया जावेगा। **(परिशिष्ट–11)**

6. समिति से शार्टेज आदि की वसूल योग्य राशि का समायोजन उसको देय राशि में से किया जाएगा।

26. भंडारण –

1. समर्थन मूल्य पर क्रय जिन्सों के भण्डारण हेतु नोडल एजेन्सी केन्द्रीय भण्डारण निगम एवं राजस्थान राज्य भण्डार व्यवस्था निगम द्वारा क्रय केन्द्र के निकटतम गोदामों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेगी।
2. भण्डारण नोडल एजेन्सियां भारत सरकार से राज्य को प्राप्त खरीद लक्ष्यों के अनुरूप उचित भण्डारण क्षमता के गोदाम उपलब्ध कराने का दायित्व भण्डारण एजेन्सियों का होगा।
3. क्रयशुदा जिन्स के गोदामों में जमा की ई–डब्ल्यूआर एवं भण्डारण रसीदें प्रतिदिन जारी करवाने का दायित्व सम्बंधित भण्डारण एजेन्सी एवं भण्डार प्रबंधक का होगा, जिसकी पालना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करनी होगी।
4. गोदामों में क्रयशुदा जिन्स की भण्डारण रसीदें जारी होने के उपरांत जिन्स के गुणवत्ता सम्बंधित पूर्ण दायित्व सम्बंधित भण्डारण एजेन्सी का होगा तथा भण्डारण रसीदें जारी होने के उपरांत गुणवत्ता सम्बंधित प्रकरण उत्पन्न होने पर सम्बंधित भण्डार प्रबंधक का व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायित्व होगा, जिसके विरूद्ध सम्बंधित भण्डारण एजेन्सी द्वारा विभागीय कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।
5. भण्डारण नोडल एजेन्सी द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जावेगा कि प्रतिदिन गोदाम पर अनलोड हेतु आये ट्रक प्रतिदिन ही अनलोड किया जाना आवश्यक होगा। इसकी समुचित व्यवस्था का दायित्व सम्बंधित भण्डारण एजेन्सी का होगा।
6. **क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा प्रतिदिन किसानों से क्रयशुदा जिन्स को मूवमेन्ट प्लान अनुसार क्रय केन्द्र के निकटतम गोदाम में प्रतिदिन जमा करवाना होगा एवं प्रतिदिन जमा जिन्स की ई–डब्ल्यूआर एवं भण्डारण रसीदें प्रतिदिन भण्डारगृह से प्राप्त कर क्षेत्रीय अधिकारी को भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।**
7. क्रय केन्द्र प्रभारी भारत सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मापदण्डों के अनुरूप ही किसानों से खरीद की जाकर गोदामों में जिन्स जमा करवाना सुनिश्चित करेगा।
8. क्रय केन्द्र प्रभारी यह सुनिश्चित करेगा कि प्रतिदिन पिड पर क्रयशुदा स्टॉक 500 क्विंटल से अधिक ना हो तथा जिसकी सूचना प्रतिदिन सम्बंधित क्षेत्रीय अधिकारी को उपलब्ध करवायेगा।
9. प्रतिदिन किसानों से क्रयशुदा जिन्स एवं गोदामों में जमा की मात्रा प्रतिदिन खरीद केन्द्र प्रभारी ओपीआर पोर्टल एवं सहकार पोर्टल से मिलान करेगा तथा सम्बंधित क्षेत्रीय अधिकारी केन्द्रवार इसकी मोनिटरिंग करना सुनिश्चित करेगा।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.

# RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

10. क्रय केन्द्र प्रभारियों द्वारा क्षेत्रीय अधिकारियों के माध्यम से मुख्यालय को क्रय केन्द्र के निकटतम वरियता क्रम में तीन गोदामों का प्राथमिक तौर पर आवश्यक रूप से मूवमेन्ट प्लान प्रस्तुत करना होगा। मूवमेन्ट प्लान प्रस्ताव का मुख्यालय से अनुमोदन उपरांत उसमें बिना अनुमति के परिर्वतन स्वीकार्य नहीं होगा, जिसके लिए सम्बंधित क्रय केन्द्र प्रभारी जिम्मेदार होगा।
11. क्रय केन्द्र के निकटतम तीनों गोदाम पूर्ण रूप से भण्डारित होने तथा निकटतम गोदाम रिक्त नहीं होने की स्थिति में एवं निकटतम गोदाम के पूर्ण रूप से भण्डारित हो जाने की संभावना को ध्यान में रखते हुए अग्रिम तैयारी की जाकर मूवमेन्ट प्लान में परिर्वतन प्रस्ताव मुख्यालय को 7 दिवस पूर्व प्रेषित किये जावेगे। तदनुसार नवीनतम गोदामों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए संशोधित मूवमेन्ट प्लान प्रस्ताव अनुमोदन उपरांत जिन्सों का भण्डारण क्रय केन्द्र प्रभारी करवाना सुनिश्चित करेगे। मूवमेंट प्लान हेतु महाप्रबन्धक (वाणिज्य) एवं भंडारण प्रभारी अधिकारी से ई-मेल rajfedstorage@gmail.com पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
12. सभी खरीद केन्द्र प्रभारी यह सुनिश्चित कर लेवें कि भण्डारण हेतु भिजवाये जाने वाला दलहन-तिलहन एफएक्यू श्रेणी का ही है। भण्डारण के दौरान यदि कोई जिन्स नॉन एफएक्यू पाया जाता है, तो जिन्स को सम्बंधित किसान को भुगतान/जिन्स वापस लौटाने का दायित्व सम्बंधित केन्द्र प्रभारी एवं मुख्य व्यवस्थापक का होगा अर्थात नॉन एफएक्यू श्रेणी जिन्स का भण्डारण किसी भी स्थिति में नहीं किया जाना है।

## 27. भंडारण रसीदें -

1. किसानों से क्रयशुदा जिन्स की गोदामों में जमा की भण्डारण रसीदों का केन्द्रवार, गोदामवार, जिन्सवार एवं मात्रावार रिकॉर्ड रखना केन्द्र प्रभारी का दायित्व होगा तथा प्रतिदिन रिकॉर्ड का निरीक्षण क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा किया जाकर प्रगति से मुख्यालय को प्रतिदिन अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।
2. भण्डार प्रबंधक यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि जमा जिन्स की नेफेड/एनसीसीएफ, केन्द्रवार, जिन्सवार, कट्टे एवं वजन तथा समिति का नाम/क्रय केन्द्र का नाम में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं है। यह सुनिश्चित करने के उपरांत ही प्रतिदिन ई-डब्ल्यूआर जारी की जाए, किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए सम्बंधित भण्डार प्रबंधक उत्तरदायी होगा।
3. राज्य में किसानों से क्रयशुदा जिन्स गोदामों में जमा का डाटा सहकार पोर्टल पर ई-डब्ल्यूआर जनरेट करने के उपरांत संशोधन किया जाना संभव नहीं होगा। इसके लिए पूर्ण सावधानी बरती जाए। यदि किसी प्रकार की त्रुटिपूर्ण स्थिति में जारी ई-डब्ल्यूआर के विरूद्ध भौतिक डब्ल्यूआर में संशोधन किया जाकर अविलम्ब क्रय केन्द्र प्रभारी सम्बंधित भण्डार प्रबंधक से संशोधित डब्ल्यूआर क्षेत्रीय अधिकारी के माध्यम से मुख्यालय को तीन दिवस में भिजवाना सुनिश्चित करेगा।
4. सम्बन्धित उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ उक्त व्यवस्था का सतत् पर्यवेक्षण करेगे। विलम्ब से प्राप्त भण्डारण रसीदें स्वीकार नहीं की जायेगी। सम्बन्धित क्षेत्रीय अधिकारी प्रतिदिन क्रय केन्द्र/समिति से प्राप्त भण्डारण रसीदें मुख्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करेगें।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

5. भण्डारण रसीदों पर बोरियों की संख्या, वजन, नमी की मात्रा, गोदाम का नाम, स्टैक नम्बर एवं क्रय केन्द्र का नाम भी स्पष्ट अंकन होना अनिवार्य है। भण्डारण रसीदों के साथ नेफेड/एनसीसीएफ द्वारा भण्डारगृह पर नियुक्त सर्वेयर से सर्वेयर रिपोर्ट प्राप्त कर संलग्न की जाए मूल भण्डारण रसीदों के अतिरिक्त एक अतिरिक्त फोटो प्रति सर्वेयर रिपोर्ट सहित भी संलग्न कर भिजवायी जाए भंडारण रसीदें भिजवाने की जिम्मेदारी सबंधित समिति/केन्द्र की होगी। खरीद समाप्त होने के 15 दिवस में सम्पूर्ण भण्डारण रसीदें बिना रिमार्क की प्रेषित की जाए इसके बाद भण्डारण रसीदें स्वीकार नहीं की जाएगी।
6. भण्डार प्रबन्धक द्वारा जमा जिन्स की उसी दिन वेयरहाउस रसीद की हार्ड कॉपी जारी करना अनिवार्य होगा। आर.एस.डब्ल्यू.सी./सी.डब्ल्यू.सी. द्वारा समस्त वेयरहाउस रसीदें ऑनलाईन सॉफ्टवेयर से ही जारी की जाए **पूर्व में ऐसा देखने में आया है कि वेयरहाउस मैनेजर्स द्वारा सॉफ्टवेयर से डब्ल्यूआर जारी न कर केवल ऑफलाईन जारी कर दी गयी, जिसके कारण ऑनलाईन एवं ऑफलाईन डब्ल्यूआर में अन्तर उत्पन्न हो गया। अतः समस्त डब्ल्यूआर सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही जनरेट की जाए।**
7. भण्डारण रसीदें पूर्ण सावधानी से जाँच उपरांत दो प्रतियों में एवं मूल पत्र की एक्सेल शीट (सॉफ्टकॉपी english) ई-मेल आई.डी. rajfedstorage@gmail.com पर Times New Roman Font में प्रेषित की जाए।

नोट – समिति का नाम, केन्द्र का नाम, भण्डारगृह का नाम प्रेषित किये जाने वाले पत्र में **english** में ही अंकित किया जाए। भण्डारण रसीदें जिन्सवार, समितिवार अलग-अलग योग लगाकर ही प्रेषित की जाए।

## 28. भण्डारगृह पर रिजेक्शन

समर्थन मूल्य पर खरीद के दौरान निर्धारित गुणवत्ता मापदण्डों की पालना भी महत्वपूर्ण बिन्दु है। अनेक बार यह शिकायत आती है कि क्रय केन्द्रों पर क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा मनमाने आधार पर गुणवत्ता के आधार पर कृषक का माल निरस्त किया जाता है जिससे कई बार विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। अतः भविष्य में इस तरह की परिस्थिति नहीं उत्पन्न हो, इसके लिये निम्नांकित निर्देश प्रदत्त किये जा रहे है।

भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्डों के अनुसार समर्थन मूल्य पर जिन्सों की खरीद की जावें। क्रय विक्रय सहकारी समिति द्वारा खरीद केन्द्र पर एफएक्यू गुणवत्ता मशीन के लिये स्थान चिन्हित कर, उक्त स्थान पर बैनर लगाये जायेगे । मशीन के माध्यम से जिन्सों की एफएक्यू जॉच के लिए एक प्रभारी को नाम से नियुक्त कर एवं उसकी जिम्मेदारी होगी की वह समस्त जिन्सों को गुणवत्ता मशीन से जॉच के उपरान्त खरीद कर एवं संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार उनका रिकॉर्ड संधारित करेगा।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

29. जिन्स की एफ.ए.क्यू. गुणवत्ता जाँच हेतु मशीनें –

रबी सीजन 2026–27 में जिन्सों की खरीद हेतु भारत सरकार द्वारा जारी पीएसएस गाईडलाईन अनुसार एफ.ए.क्यू. मापदण्ड की पूर्ति नहीं होने पर कृषक द्वारा तुलाई हेतु लाई गई जिन्स का रिजेक्शन मोईश्चर मीटर, ग्रेडिंग मशीन, मोर्फोलॉजी मशीन के आधार पर ही किया जावे। कोई भी रिजेक्शन मैन्यूअल आधार पर नहीं किया जावे तथा उक्त मशीनों द्वारा जारी रिपोर्ट को ओपीआर पोर्टल पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

वेयर हाउस में किसी प्रकार के रिजेक्शन में आवश्यक रूप से सर्वेयर से रिजेक्शन रिपोर्ट तैयार करवाई जावे जिस पर वेयर हाउस मैनेजर के हस्ताक्षर हो। इसके साथ–साथ राजफेड किसान एप पर सर्वेयर द्वारा जिन्स प्राप्ति के दौरान डिस्पेच नम्बर/गाडी नम्बर के आधार पर उक्त गाडी के स्टॉक को स्वीकार/अस्वीकार/आंशिक रूप से (पार्शियल स्वीकार/अस्वीकार) किया जावेगा। भंडारगृहों पर नेफेड/एनसीसीएफ द्वारा नियुक्त सर्वेयरों द्वारा कृषि जिन्स स्टॉक अस्वीकृत करने के कारण पूर्व में गुणवत्ता संबंधी विवाद उत्पन्न हुए थे इसे ध्यान में रखते हुए तत्कालीन प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता के पत्र क्रमांक 459–609 दिनांक 06.04.18 द्वारा गठित कमेटी में **सहकारिता विभाग के आदेश क्रमांक 12957–13052 दिनांक 29.03.2022 (परिशिष्ट–12) द्वारा कमेटी का पुर्नगठन किया गया, जो निम्नानुसार हैं:–**

1. सहायक कृषि अधिकारी, कृषि विभाग, राजस्थान सरकार – अध्यक्ष
2. क्षेत्रीय अधिकारी राजफैड़ – सदस्य
3. वेयरहाउस (आर.एस.डब्ल्यू.सी.)/सी.डब्ल्यू.सी.) प्रतिनिधि – सदस्य
4. नेफेड प्रतिनिधि – सदस्य
5. संबंधित समिति व्यवस्थापक – सदस्य सचिव

गठित कमेटी द्वारा **क्रय जिन्स की गुणवत्ता पर विवाद होने पर सर्वप्रथम गुणवत्ता जाँच मशीन से** सैम्पल जाँच रिपोर्ट ली जावेगी, उसके पश्चात् **भी गुणवत्ता को लेकर यदि कोई** मतभेद/विवाद होने पर **भण्डारण के दौरान निम्न प्रक्रिया आवश्यक रूप से अपनायी जावें :–**

1. **सदस्य सचिव द्वारा कमेटी की बैठक का आयोजन किया जावेगा।**
2. बैठक आयोजन के क्रम में **नोटिस जारी किया जावेगा जिसमें तिथि, समय व विवाद विवरण का** उल्लेख होगा।
3. बैठक में **कमेटी के सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।**
4. वेयरहाउस व नेफेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा ही प्रतिनिधि नामित किये जा सकेंगे।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

5. गुणवत्ता के क्रम में बहुमत से लिया गया निर्णय मान्य होगा।
6. क्रय कृषि जिन्स गुणवत्तायुक्त नहीं पाये जाने पर कारण का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।
7. वेयरहाउस में गुणवत्तायुक्त कृषि जिन्स का ही भण्डारण किया जा सकेगा।
8. गठित कमेटी अन्यथा स्थिति यथा भंग या संशोधन न होने की स्थिति में यथावत कार्य करती रहेगी।
9. क्रय कृषि जिन्स की गुणवत्ता के क्रम में सदस्य कमेटी के मध्य मतांतर होने पर सभी सदस्यों के अभिमत कार्रवाई में अंकित किये जावे।
10. कमेटी की बैठक में सम्पन्न कार्रवाई से नेफेड व राजफेड को तत्काल अवगत कराया जावे।
11. कमेटी आवश्यक समझे तो संबंधित क्षेत्र के प्रगतिशील कृषकों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में आमंत्रित कर सकेंगे लेकिन विशेष आमंत्रित सदस्य को मताधिकार नहीं होगा।

एनसीसीएफ के कार्यक्षेत्र में आने वाले जिलों में नेफेड के स्थान पर एनसीसीएफ के प्रतिनिधि द्वारा कार्रवाई की जावेगी।

वेयरहाउस में किसी भी प्रकार के रिजेक्शन में आवश्यक रूप से सर्वेयर से रिजेक्शन रिपोर्ट तैयार करवायी जावें तथा उस पर वेयरहाउस मैनेजर के हस्ताक्षर हो ताकि कृषि जिन्स भण्डारण कार्य में पूर्ण पारदर्शिता रखी जा सके।

30. नॉन एफ.ए.क्यू. स्टॉक का निस्तारण –

**समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत नॉन एफ.ए.क्यू. श्रेणी का जिन्स क्रय किया जाना मान्य नहीं होने के कारण राजफेड/नेफेड द्वारा उसे स्वीकार नहीं किया जावेगा इस हेतु सम्बन्धित समिति व्यवस्थापक व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगें। नॉन एफ.ए.क्यू. श्रेणी के जिन्स का संबंधित किसान को भुगतान अथवा जिन्स वापिस लौटाने का दायित्व संबंधित समिति का होगा। नॉन एफ.ए.क्यू. श्रेणी के जिन्स के निस्तारण में होने वाली हानि सम्बन्धित समिति से वसूली योग्य होगी। राजफेड द्वारा नॉन एफ.ए.क्यू. जिन्स का भुगतान नहीं किया जावेगा।**

31. मण्डी टैक्स एवं कृषक कल्याण सेस –

राज्य सरकार द्वारा राजफैड के माध्यम से या अन्य अधिकृत एजेन्सी के माध्यम से सरसों, चना की खरीद समर्थन मूल्य पर किये जाने पर रवी सीजन वर्ष 2026-27 में खरीद अवधि तक के लिये उक्त खरीद पर राज्य सरकार की मण्डी समितियों को देय मण्डी शुल्क से छूट हेतु कृषि (ग्रुप-2) विभाग की अधिसूचना दिनांक 17.02.2026 से प्राप्त हो चुकी है। **(परिशिष्ट-13)**

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

### 32. जी.एस.टी. –

न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत दलहन चना की खरीद पर जीएसटी लागू नहीं है एवं सरसों पर नियमानुसार जीएसटी देय है। सदस्य समितियों द्वारा की गई कृषि जिन्सों की तिलहन की खरीद पर देय जीएसटी का नेफेड/एनसीसीएफ द्वारा पुनर्भरण किया जावेगा। समस्त समितियाँ जीएसटी आर-1 रिटर्न की जीएसटी पोर्टल पर फाईल की गई प्रति, जीएसटी रजिस्ट्रेशन का प्रमाण-पत्र, बिल दिनांक से अधिकतम आगामी माह की 12 तारीख तक तथा संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, राजफेड को भिजवाना सुनिश्चित करेंगी एवं क्षेत्रीय कार्यालय राजफेड द्वारा जीएसटी आर-1 रिटर्न की प्रतियाँ समितिवार संकलित कर राजफेड को अधिकतम आगामी माह की 14 तारीख तक प्रेषित करेगी। माह की 14 तारीख के पश्चात् यदि जीएसटी क्लेम पर पैनल्टी लगती है तो इसके लिए संबंधित समिति जिम्मेदार होगी। **क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा समितियों से जी.एस.टी. बिल क्लेम प्राप्त कर महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा) राजफेड़, जयपुर को भुगतान हेतु सीधे प्रेषित करेंगे।**

सदस्य समितियों द्वारा संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय राजफेड को तिलहन जिन्स के बिल के साथ जीएसटी रजिस्ट्रेशन का प्रमाण-पत्र, ई-इनवॉइस की प्रति, बिल पर (6 डिजिट का एच.एस.एन. नम्बर, बिल नम्बर, दिनांक, समिति एवं राजफेड का जीएसटी नम्बर आपूर्ति स्थल, पिन कोड, जिन्स का नाम, जिन्स की मात्रा, दर एवं राशि आदि) आदि जीएसटी नियमानुसार प्रेषित किये जाएगे। नियमानुसार कांटे गये बिल, ई-इनवॉइस, जीएसटी आर-1 रिटर्न (जीएसटी पोर्टल पर फाईल्ड) की प्रति जीएसटी रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र प्रेषित नहीं करने की स्थिति में जीएसटी राशि का भुगतान बाधित होने पर संबंधित सदस्य समिति उत्तरदायी होगी।

**सदस्य समितियों के द्वारा जीएसटी आर-1 रिटर्न निर्धारित समयावधि में फाईल किया जाना सुनिश्चित किया जावे ताकि उसी अनुरूप जीएसटी राशि का पुनर्भरण किया जा सके। संबंधित क्षेत्रीय अधिकारीगण यह सुनिश्चित करें कि समितियों द्वारा जीएसटी आर-1 रिटर्न भरने एवं जीएसटी जमा कराने संबंधित कार्रवाई निर्धारित समयावधि में पूर्ण की जाए ताकि समितियों को अनावश्यक पेनल्टी वहन नहीं करनी पड़े। क्षेत्रीय अधिकारीगण यह भी सुनिश्चित करें कि नेफेड व एनसीसीएफ के कार्यक्षेत्र अनुसार उनके अधीनस्थ समितियों के क्लेम एक साथ इकजाई कर मुख्यालय को प्रेषित किये जाए एवं सतत् पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें।**

### 33. किसानों को भुगतान –

भारत सरकार द्वारा जारी पीएसएस गाईड लाईन अनुसार कृषकों को उनकी उपज का भुगतान तीन दिवस में किये जाने का प्रावधान है लेकिन प्रायः यह देखने में आया है कि उक्त निर्धारित समयावधि में कृषकों को भुगतान नहीं किया जाता है जिससे कृषकों में असंतोष की भावना पैदा होती है। अतः कृषकों को भविष्य में निर्धारित समयावधि में भुगतान सुनिश्चित करने हेतु निम्न निर्देश जारी किये जाते है :-

1. समस्त क्रय-विक्रय सहकारी समिति/क्रय केन्द्र प्रभारी कृषकों की तुलायी के दिन या अगले दिन तक खरीद किया हुआ माल संबंधित भण्डारगृहों में जमा कराया जावें तथा उसकी ईडब्ल्यूआर जारी किया जाना सुनिश्चित करें।
2. वर्तमान प्रणाली अनुसार ईडब्ल्यूआर जारी होते ही उसी दिन संबंधित राजफेड क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा सत्यापन सुनिश्चित किया जावे तथा राजफेड पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड करें।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

3. राजफेड मुख्यालय द्वारा इस प्रकार सत्यापित भुगतान प्राप्त होने पर बैंकर्स को तत्काल भुगतान हेतु प्रेषित किया जावें।
4. जिन कृषकों का भुगतान जनआधार में कृषक का बैंक विवरण गलत होने के कारण नहीं हो पाया है उनका भुगतान संबंधित क्रय-विक्रय सहकारी समिति को तत्काल प्रेषित किया जावें। राजफेड द्वारा पत्र क्रमांकः फा. वाणिज्यः 2025-26/ राजकाज रेफरेन्ट नम्बर 18475087 दिनांक 28.10.2025 के द्वारा क्रय-विक्रय सहकारी समितियों को हैण्डलिंग एवं परिवहन कार्य पेटे समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किये जाने हेतु जारी किया है। वर्तमान प्रणाली अनुसार समितियों व संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों से वांछित दस्तावेज के क्लेम प्रस्तुत करने पर 3 दिवस में 50 प्रतिशत भुगतान किया जावेगा। बिल जॉच पश्चात् पारित करने पर 3 दिवस में 25 प्रतिशत एवं शेष 25 प्रतिशत राशि नेफेड/एनसीसीएफ से प्राप्त होने पर 7 दिवस में भुगतान किया जावेगा।

   उक्त राशि राजफेड द्वारा संबंधित क्रय-विक्रय सहकारी समिति को भुगतान की जावेगीं एवं क्रय-विक्रय सहकारी समिति द्वारा संबंधित संवेदक को 3 दिवस में भुगतान किया जावेगा।
5. एनसीसीएफ/नेफेड से लम्बित भुगतान प्राप्त करने हेतु सतत कार्यवाही राजफेड द्वारा की जावेंगी।
6. खरीद के कमीशन राशि का भुगतान नेफेड/एनसीसीएफ से प्राप्त होने पर राजफेड द्वारा 7 दिवस में संबंधित क्रय-विक्रय सहकारी समितियों को कर दिया जावें।
7. राजफेड का नेफेड/एनसीसीएफ एवं संबंधित क्रय-विक्रय सहकारी समितियों से खातों का मिलान समय-समय पर किया जावें।
8. क्रय-विक्रय सहकारी समिति द्वारा कमीशन राशि के क्लेम ऑनलाईन अपलोड कर प्रस्तुत किये जावेंगे जिसे नेफेड/एनसीसीएफ से प्राप्त होने पर राजफेड के संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा 3 दिवस में सत्यापित किया जावेगा एव 7 दिवस में राजफेड द्वारा भुगतान किया जावेगा।

34. कानून व्यवस्था –

**क्रय केन्द्र पर पारदर्शिता एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सी.सी. टीवी कैमरे लगाये जावे। क्रय केन्द्र पर आवश्यकतानुसार विडियोग्राफी कराई जा सकती है। कैमरे व विडियोग्राफी पर होने वाला व्यय संबंधित समिति द्वारा वहन किया जावेगा।** समर्थन मूल्य खरीद के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा खरीद कार्य की प्रभावी मॉनेटरिंग एवं सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिये सम्बन्धित जिला प्रशासन के स्थानीय अधिकारियों से सम्पर्क रखा जावे।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर–302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

जिला कलक्टर से सम्पर्क कर समय–समय पर प्रगति से अवगत करावे। खरीद केन्द्र स्तर पर समर्थन मूल्य पर खरीद में आने वाली समस्याओं के सुगम निराकरण हेतु संयुक्त शासन सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग अनु–3 द्वारा आज्ञा क्रमांक 6(13) अनु–3/2018 दिनांक 17.04.2018 संलग्न (परिशिष्ट–14) के अनुसार खरीद केन्द्र समन्वय एवं निगरानी समिति का निम्नानुसार गठन किया हुआ है:–

| | |
|---|---|
| 1. सबंधित उप खण्ड अधिकारी | अध्यक्ष |
| 2. जिला रसद अधिकारी | सदस्य |
| 3. उप पुलिस अधीक्षक/थाना इन्चार्ज संबंधित | सदस्य |
| 4. उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियाँ | सदस्य |
| 5. प्रतिनिधि आरएसडब्लूसी/सीडब्लूसी | सदस्य |
| 6. सचिव कृषि उपज मण्डी समिति | सदस्य |
| 7. क्रय–विक्रय सहकारी समिति/केन्द्र प्रभारी | सदस्य सचिव |

पुलिस अधीक्षक, कानून व्यवस्था, राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक 15(11) कानून व्यवस्था/ 2018–23/376 दिनांक 20.03.2023 संलग्न **(परिशिष्ट–15)** के द्वारा पूर्व में समस्त पुलिस अधीक्षक एवं समस्त उपायुक्त को खरीद के दौरान क्रय केन्द्रों पर किसी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो, इस हेतु फसल खरीद के दौरान आवश्यक पुलिस प्रबन्ध करने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित किया हुआ है। अतः संबधित जिला/पुलिस प्रशासन से भी समन्वय बनाया रखा जावे।

मुख्य सचिव, राजस्थान स्तर से जिला कलक्टर को पत्र क्रमांक 14706–14793 दिनांक 21.10.20 संलग्न **(परिशिष्ट–16)** से पूर्व में क्रय केन्द्रों पर कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु 1 से 4 का पुलिस बल लगाये जाने के निर्देश दिये हुये है। अतः सम्बन्धित जिला प्रशासन से सम्पर्क कर रबी 2026–27 खरीद अवधि के दौरान केन्द्र पर पुलिस बल लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय–विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर–302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

35. प्रचार–प्रसार –

(अ) समर्थन मूल्य पर खरीद हेतु योजना का कृषकों के मध्य पर्याप्त प्रचार–प्रसार की कमी रहती है। योजना की अवधि, समर्थन मूल्य की राशि, गुणवत्ता मापदण्ड, पंजीकरण प्रक्रिया, क्रय केन्द्रों तथा भुगतान इत्यादि की जानकारी के अभाव में समर्थन मूल्य पर सम्पूर्ण खरीद नहीं हो पाती है। अतः खरीद के संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जावें ताकि समर्थन मूल्य योजना का लाभ अधिकाधिक किसानों प्राप्त हो सके, इस हेतु निम्नांकित व्यवस्थाएं की जावें :–

1. क्रय–विक्रय सहकारी समिति/कृषि मण्डी/ग्राम सेवा सहकारी समिति द्वारा समर्थन मूल्य की दर, खरीद आरम्भ की तिथि, क्रय केन्द्र का नाम, एफएक्यू मापदण्ड, पंजीकरण की प्रक्रिया, भुगतान की जानकारी हेतु ग्राम पंचायत/कृषि उपज मण्डी/बस स्टॉप/जिला परिषद पर होर्डिंग्स/बैनर/पम्पलेट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जावे। साथ ही क्रय केन्द्रों पर विक्रय हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची, टोल फ्री नम्बर, क्रय केन्द्र प्रभारी, समिति व्यवस्थापक का नाम व मोबाईल नम्बर समस्या समाधान हेतु संबंधित उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियाँ का नाम व मोबाईल नम्बर तथा कृषक द्वारा वहनीय खर्चों की सूची। संलग्न **(परिशिष्ट–17)**

2. क्रय–विक्रय सहकारी समितियों द्वारा स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से एवं राजफेड क्षेत्रीय कार्यालय स्तर से कृषकों की जानकारी हेतु प्रेस नोट/विज्ञापन जारी किया जावे।

3. राजफेड मुख्यालय स्तर से राज्य के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग/बैनर्स लगाये जावेगे तथा प्रिन्ट/इलेक्ट्रोनिक/सोशल मिडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार किया जावेगा साथ ही किसानों से संबंधित उपलब्ध डेटाबेस जैसे– किसान सम्मान निधि, एमएसपी पोर्टल इत्यादि का उपयोग करते हुए कृषकों को मोबाईल फोन पर संदेश प्रेषित किये जावेगे।

4. समिति द्वारा समर्थन मूल्य खरीद के संबंध में प्रचार–प्रसार पर किए गए व्यय का पूरा ब्यौरा राजफेड ओपीआर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसके लिए ओपीआर पोर्टल पर सुविधा उपलब्ध करवाई जावेगी।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

(ब) कृषि जिन्सों के बाजार भाव –

समर्थन मूल्य पर खरीद के दौरान समर्थन मूल्य बाजार भाव से अधिक होने की अवधि में प्रतिदिन क्षेत्रीय अधिकारी व समिति स्तर पर खरीद की मॉनिटरिंग की जावेगी व किसानों से व्यक्तिशः दूरभाष पर सम्पर्क कर समर्थन मूल्य जिन्स विक्रय करने हेतु प्रेरित/प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जावेगा।

36. विजिलेन्स –

**माननीय सहकारिता मंत्री महोदय, राजस्थान सरकार द्वारा दलहन–तिलहन खरीद में निर्देश दिये गए है कि विभाग द्वारा क्रय केन्द्रों के आकस्मिक विजिट के लिए विजिलेन्स टीम का गठन किया जाए एवं समय–समय पर उक्त टीम द्वारा क्रय केन्द्रों की विजिट भी की जाए।**

**सभी उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ, खण्डीय अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ एवं क्षेत्रीय अधिकारी, राजफेड को दैनिक रूप से ओ.पी.आर. जरिये ई–मेल प्रेषित की जावेगी। इस हेतु सम्बन्धित कार्यालयों के एक्टिव ई–मेल आई.डी. प्रेषित करावें। खरीद एवं भुगतान सम्बन्धी प्रगति कृषक विशेष या क्षेत्र विशेष की जन सूचना पोर्टल पर भी देखी जा सकती है।** प्रतिदिन खरीद प्रगति की सूचना पर ऑनलाईन अपडेट की जावे। सरसों, चना खरीद सम्बन्धी समस्त रिकॉर्ड एवं दस्तावेज पूर्ण रूप से सुरक्षित रखे जावें, ताकि ऑडिट के समय किसी तरह की असुविधा न हो।

खरीद के दौरान सहकारिता विभाग के संबंधित उप रजिस्ट्रार एवं उनके अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में पृथक–पृथक क्रय केन्द्रों पर सप्ताह में एक दिवस विजिट कर राजफेड द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार ज़िन्सों की खरीद करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे। संलग्न **(परिशिष्ट–18)**

राजफेड के क्षेत्रीय अधिकारी/राजफेड के अन्य अधिकारी/सहायक प्रबन्धक (कि.नि.) द्वारा सप्ताह में दो–तीन दिवस क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया जावेगा तथा यह सुनिश्चित किया जावेगा कि जिन्सों की खरीद भारत सरकार द्वारा जारी एफएक्यू गुणवत्ता के अनुसार की जा रही है।नेफेड/एनसीसीएफ द्वारा संबंधित भण्डारगृहों पर सर्वेयर नियुक्त किये जायेगे।

कृषि जिन्सों के नॉन एफएक्यू होने की स्थिति में (संलग्न प्रोफार्मा जिसमें किसान का नाम, पंजीयन क्रमांक, जिन्स का नाम, मात्रा, दिनांक, समय, गुणवत्ता मशीन की रसीद) का रिकॉर्ड क्रय केन्द्र पर रखेगा एवं उसकी सूचना राजफेड पोर्टल पर भी अपलोड की जायेगी।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

अतः आपको निर्देश दिये जाते है कि आपके क्षेत्र के क्रय केन्द्रों पर समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत समर्थन मूल्य दर पर सरसों, चना की खरीद में निर्धारित गुणवत्ता मापदंडो का पूर्ण ध्यान रखा जावे। निर्धारित गुणवत्ता मापदण्डों के अनुरूप सरसों, चना खरीद की जिम्मेवारी सम्बन्धित समिति की होगी।

संलग्न : उपर्युक्तानुसार

(वचनेश कुमार अग्रवाल)
प्रवन्ध निदेशक

प्रतिलिपि :-

1. विशिष्ट सहायक, कार्यालय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रशासक एवं शासन सचिव, सहकारिता विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कृषि/राजस्व, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. आयुक्त, कृषि, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. शासन सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय राजस्थान सरकार, जयपुर।
6. रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ राजस्थान जयपुर को प्रेषित कर अनुरोध है कि सहकारी विभाग स्तर से भी निर्देश जारी करने का श्रम करें।
7. निदेशक, कृषि विपंणन, कृषि आयुक्तालय, राजस्थान, जयपुर।
8. संभागीय आयुक्त (समस्त) ....................................
9. जिला कलक्टर (समस्त) ....................................
10. उपखण्ड अधिकारी (समस्त) ....................................
11. महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा/वाणिज्य/कृषि आदान/मा.स.वि./फैक्ट्री) राजफेड, जयपुर।

GST No. : 08AAAAR0279B1ZU

फोन/Phone : 0141-2740231, 2740439, 2740418
0141-2740364, 2740081, 2740076
फैक्स/Fax : 0141-2740108, 2740457, 2740026
पीबीएक्स/PBX: 0141-2744910
E-mail : rajfed@yahoo.com

# राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.
## RAJASTHAN STATE CO-OPERATIVE MARKETING FEDERATION LTD.

4, भवानी सिंह रोड,
जयपुर-302 001

4, BHAWANI SINGH ROAD,
JAIPUR-302 001

12. अतिरिक्त रजिस्ट्रार(मार्के), सहकारी समितियाँ, राजस्थान जयपुर को भेजकर अनुरोध है कि समर्थन मूल्य दलहन/तिलहन की खरीद के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों को अपेक्षित विभागीय निर्देश जारी करवाने की व्यवस्था करे।
13. अतिरिक्त निदेशक, डीओआईटी, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त आदेशों की सभी ई-मित्र कियोस्क धारकों से पालना सुनिश्चित कराने हेतु पावन्द करें।
14. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, एनआईसी, कमरा नं. 8318, शासन सचिवालय, जयपुर।
15. राज्य प्रमुख, नेफेड/एनसीसीएफ, जयपुर।
16. संयुक्त निदेशक (व्यापार), आर.एस.डब्ल्यू.सी., जयपुर।
17. क्षेत्रीय प्रवन्धक, सीडब्ल्यूसी, जयपुर।
18. निजी सचिव, प्रवन्ध निदेशक, राजफेड, जयपुर-उक्त आदेश राजफेड वेबसाईट पर अपलोड करने के संवंध में।
19. वरिष्ठ प्रवन्धक (वारदाना), राजफेड, जयपुर।
20. प्रवन्धक (भण्डारण), राजफेड, जयपुर।
21. सहायक प्रवन्धक, आईटी शाखा, राजफेड, जयपुर।
22. सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, सहकारिता विभाग, राजस्थान, जयपुर।

प्रबन्ध निदेशक

परिशिष्ट - 1

# Government of Rajasthan
## Agriculture (Group-1) Department, Rajasthan, Jaipur

No.F.9(3) Agri.-1/Input/2026/19935588 Jaipur, Dated : - Signed date. 19/01/2026

**NOTIFICATION**

Under the Price Support Scheme (PSS) for the procurement of rabi pulses crop **Gram** and rabi oilseed crop **Rapeseed & Mustard** on Minimum Support Prices during RMS 2026-27, as per the guidelines of GoI, a notification regarding expected production and peak arrival period of these crops in Rajasthan State is required to be issued as part of the proposal.

Therefore, Government of Rajasthan hereby notifies and declares the area, expected production, yield & peak arrival period along with sowing and harvesting time period for rabi pulses crop **Gram** and rabi oilseed crop **Rapeseed & Mustard** in the State of Rajasthan as under:-

| Rabi Crops 2025 | Sowing period | Harvesting period | Peak arrival period | Sown Area (Ha.) | Expected Production (Tonnes) | Yield (Kg/Ha.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Gram | Sept.-Nov. 2025 | Feb.- April 2026 | March to May | 2052263 | 2606374 | 1270 |
| Rapeseed & Mustard | | | Feb to May | 3428898 | 5724352 | 1669 |

By order and in the name of Governor

(Navratan Koli)
Deputy Secretary to Govt.

No.F.9(3) Agri.-1/Input/2026/19935588 Jaipur, Dated: - Signed date.

Copy to following for information and necessary action:-

1. Addl. Chief Secretary to Hon'ble Chief Minister, Rajasthan, Jaipur.
2. SA to Hon'ble Agriculture Minister, Rajasthan, Jaipur.
3. SA to Hon'ble Minister, Food & Civil Supply Rajasthan, Jaipur.
4. SA to Hon'ble Minister, Co-operative, Rajasthan, Jaipur.
5. PS to Principal Secretary, Agriculture & Horticulture, Rajasthan, Jaipur.
6. PS to Secretary, Food & Civil Supply, Rajasthan, Jaipur.
7. PS to Secretary, Co-operative, Rajasthan, Jaipur.
8. PS to Registrar, Co-operative, Rajasthan, Jaipur.
9. PS to Commissioner of Agriculture, Rajasthan, Jaipur.
10. Joint Secretary, Co-operative, Rajasthan, Jaipur.
11. Director, Agriculture Marketing, Rajasthan Jaipur.
12. Managing Director, RAJFED, Rajasthan, Jaipur.
13. Additional Food Commissioner, Food & Civil Supply, Rajasthan, Jaipur.

27 JAN 2026

GM-C

2395

m-1273
21/1/26

Deputy Secretary to Govt.

Signature valid
Digitally signed by Navratan Koli
Designation: Deputy Secretary To Government

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट-2

राजस्थान सरकार
कृषि आयुक्तालय, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकःएफ6(iii) आ.कृ./मु.सा.अ./प्रोक्यो/दल0–तिल0/2025/2395-96 दिनांक 15/01/26

प्रबन्ध निदेशक,
राजस्थान राज्य सहकारी क्रय–विक्रय
संघ लि., 4 भवानी सिंह रोड़, जयपुर।

विषयः– आगामी रबी सीजन 2026–27 में समर्थन मूल्य पर दलहन, तिलहन की खरीद हेतु नोटिफिकेशन, सम्भावित बुआई, उत्पादन एवं आवक की सूचना भिजवाने बाबत्।

प्रसंगः– आपका कार्यालय पत्र क्रमांकः–वाणिज्य/2025–26/दिनांक 05.01.2026 के क्रम में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रों के द्वारा आगामी रबी सीजन 2026–27 में समर्थन मूल्य पर दलहन–तिलहन (चना, सरसों) की खरीद हेतु फसलों की जिलेवार बुवाई, सम्भावित उत्पादन, उत्पादकता की सूचना (रांजस्व मण्डल, अजमेर से प्राप्त प्रथम अग्रिम अनुमान अनुसार) के साथ विभाग से जारी नोटिफिकेशन (जिन्सों के संभावित उत्पादन एवं आवक की मुख्य अवधि) की सूचना चाही गयी है।

अतः चना, सरसों, गेंहू एवं जौ के जिलेवार क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता की जिलेवार सूचना संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है एवं **नोटिफिकेशन जारी करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।**

सलंग्न – उपर्युक्तानुसार।

(टी0सी0 गुप्ता)
संयुक्त निदेशक कृषि (सांख्यिकी)

क्रमांकः–एफ6(iii) आकृ/मुसाअ/ प्रोक्यो/दल0–तिल0/2025/2395-96 दिनांक 15/01/26

प्रतिलिपिः– उप शासन सचिव कृषि (ग्रुप–1) विभाग जयपुर को सूचनार्थ हेतु प्रेषित है।

संयुक्त निदेशक कृषि (सांख्यिकी)

Signature valid
Digitally signed by Tilak Chand Gupta
Designation: Joint Director
Date: 2026.01.15 16:02:09 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19943146
eSign 1.0

Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट-3

(AREA IN HA.)
(PRODUCTION IN Tonnes)

## First Advance Estimates Rabi- 2025-26

(YIELD IN KG./HA.)

| S.NO | DIST | GRAM | | | RAPESEED & MUSTARD | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | AREA | PROD | YIELD | AREA | PROD | YIELD |
| 1 | AJMER | 161997 | 192776 | 1190 | 54999 | 86128 | 1566 |
| 2 | ALWAR | 6889 | 11987 | 1740 | 131193 | 266014 | 2028 |
| 3 | BALOTRA | 1154 | 1464 | 1269 | 9282 | 11252 | 1212 |
| 4 | BANSWARA | 16069 | 20408 | 1270 | 4 | 3 | 750 |
| 5 | BARAN | 26603 | 53206 | 2000 | 60835 | 133837 | 2200 |
| 6 | BARMER | 200 | 253 | 1265 | 17493 | 27241 | 1557 |
| 7 | BEAWAR | 30610 | 48884 | 1597 | 5320 | 9209 | 1731 |
| 8 | BHARATPUR | 1080 | 2255 | 2088 | 134975 | 245878 | 1822 |
| 9 | BHILWARA | 91084 | 132072 | 1450 | 61846 | 100413 | 1624 |
| 10 | BIKANER | 135629 | 152447 | 1124 | 244682 | 330321 | 1350 |
| 11 | BUNDI | 26555 | 48277 | 1818 | 44425 | 68859 | 1550 |
| 12 | CHITTOR | 71370 | 108625 | 1522 | 41925 | 59120 | 1410 |
| 13 | CHURU | 305270 | 213384 | 699 | 203250 | 207315 | 1020 |
| 14 | DAUSA | 29898 | 42037 | 1406 | 69116 | 125376 | 1814 |
| 15 | DEEDWANA-KUCHAMAN | 13594 | 16789 | 1235 | 16008 | 20120 | 1257 |
| 16 | DEEG | 1868 | 3034 | 1624 | 108720 | 199138 | 1832 |
| 17 | DHOLPUR | 840 | 1075 | 1280 | 70515 | 135389 | 1920 |
| 18 | DUNGARPUR | 11931 | 15773 | 1322 | 127 | 107 | 843 |
| 19 | GANGANAGAR | 61929 | 80508 | 1300 | 283893 | 525202 | 1850 |
| 20 | HANUMANGARH | 169866 | 220825 | 1300 | 222895 | 490369 | 2200 |
| 21 | JAIPUR | 119756 | 181311 | 1514 | 88528 | 115086 | 1300 |
| 22 | JAISALMER | 124710 | 118250 | 948 | 67575 | 68927 | 1020 |
| 23 | JALORE | 18232 | 23155 | 1270 | 114717 | 183989 | 1604 |
| 24 | JHALAWAR | 43285 | 77174 | 1783 | 38983 | 68220 | 1750 |
| 25 | JHUNJHUNU | 37521 | 62960 | 1678 | 130983 | 229557 | 1753 |
| 26 | JODHPUR | 31500 | 40005 | 1270 | 70800 | 89916 | 1270 |
| 27 | KAROLI | 8278 | 13824 | 1670 | 91120 | 174777 | 1918 |
| 28 | KHERTHAL-TIJARA | 1197 | 1672 | 1397 | 84318 | 152523 | 1809 |
| 29 | KOTA | 45830 | 87077 | 1900 | 58995 | 117990 | 2000 |
| 30 | KOTHPUTLI-BEHROR | 5500 | 6985 | 1270 | 95000 | 209000 | 2200 |
| 31 | NAGAUR | 61171 | 72977 | 1193 | 60724 | 82159 | 1353 |
| 32 | PALI | 112980 | 112980 | 1000 | 70870 | 97418 | 1375 |
| 33 | PHALODI | 26755 | 46294 | 1730 | 87745 | 140918 | 1606 |
| 34 | PRATAPGARH | 24300 | 30667 | 1262 | 15540 | 13986 | 900 |
| 35 | RAJSAMAND | 8254 | 11531 | 1397 | 2618 | 2880 | 1100 |
| 36 | SALUMBER | 5100 | 6477 | 1270 | 438 | 613 | 1400 |
| 37 | SAWAI MADHOPUR | 32000 | 63072 | 1971 | 151060 | 271908 | 1800 |
| 38 | SIKAR | 69758 | 86918 | 1246 | 84486 | 98540 | 1166 |
| 39 | SIROHI | 4865 | 6179 | 1270 | 23872 | 38195 | 1600 |
| 40 | TONK | 84522 | 162451 | 1922 | 296567 | 509079 | 1717 |
| 41 | UDAIPUR | 22313 | 28338 | 1270 | 12456 | 17380 | 1395 |
| | State Total | 2052263 | 2606374 | 1270 | 3428898 | 5724352 | 1669 |

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट-4

राजस्थान सरकार
राजस्व (ग्रुप-6) विभाग

क्रमांक 3(2)राज-6/2007/पार्ट/5 जयपुर, दिनांक: 12.09.2018

1. समस्त संभागीय आयुक्त
2. समस्त जिला कलेक्टर
राजस्थान।

परिपत्र

इस विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक प 2 (4) राज 4/98/37 दिनांक 13.12.1991 के अन्तर्गत मंदिर माफी/देवमूर्ति की भूमियों के लिए निम्नानुसार निर्देश जारी किये गये थे -

1. भविष्य में जो जमाबंदी राजस्व विभाग या बंदोबस्त विभाग द्वारा बनाई जाए, उनमें देवमूर्ति के साथ पुजारी या सेवायत का नाम नही लिखा जाए।
2. प्रशासनिक सुविधा के लिए एक रजिस्टर मंदिर के पुजारियों के संबंध में तहसील स्तर पर संलग्न प्रोफार्मा मे अलग से रखा जाए, जिसमें जिन मंदिरों के पास कृषि भूमि है, उनके पुजारियों के नाम का अंकन किया जाए।
3. जो जमाबंदी बन चुकी है तथा वर्तमान में प्रभावशील है, उनमें देवमूर्ति के साथ जहां भी पुजारी का नाम आया है वहां पुजारी का नाम विलोपित कर दिया जाए तथा ऊपर वर्णित रजिस्टर में लिखा जाए, इस बाबत स्पष्ट नोट जमाबंदी के रिमार्क के कॉलम में अंकित किया जाए।

इसका संभावित उददेश्य यह था कि मंदिर भूमि का विधि विरुद्ध रूप में रहन या विक्रय न हो सके। इस आधार पर राजस्व रिकॉर्ड में जमाबंदी से पुजारियों के नाम हटाएं गए।

उक्त परिपत्र में दिये गये निर्देशों की सही क्रियान्विति नही करने या गलत व्याख्या करने के कारण मन्दिर माफी की भूमियों के संबध में समस्याए राज्य सरकार के ध्यान में लाई गई। अतः राज्य सरकार के ध्यान में लाई गई समस्याओं के निराकरण हेतु निम्नलिखित निर्देश जारी किये जाते है:-

1. पूर्व परिपत्र दिनांक 13.12.91 की पालना में जमाबन्दी में मूर्तिमंदिर के साथ पुजारी का नाम विलोपित करने के साथ यदि पृथक से इस हेतु संधारित रजिस्टर में उसका अंकन नही किया गया हो तो

4

दिनांक 13.12.91 को जमाबन्दी में अंकित पुजारी/सेवायत का नाम इस हेतु पूर्व निर्देशित पृथक रजिस्टर में दर्ज कर दिया जाये।

2. राजस्थान भूमि सुधार व जागीर पुनर्ग्रहण अधिनियम, 1952 की धारा 9 के अन्तर्गत खातेदार पट्टेदार खादिमदार के रूप में पुजारियों को मिली खातेदारी वाले पुजारी जिनका गलत रूप में विलोपन कर दिया गया है और जिन्हें पुनः खातेदारी दी जा सकती है। इस संबंध मे पूर्व में राजस्व विभाग के परिपत्र दिनांक 13.12.1991 के उपरान्त दिनांक 24.5.2007 व परिपत्र दिनांक 25.11.2011 को जारी परिपत्र में इन्हें खातेदारी दिये जाने हेतु निर्देश व स्पष्टीकरण भी जारी किया गया है, जिनका प्रकरणवार विधिक परीक्षण कर सही पाये जाने पर खातेदार बन चुके पुजारियो के नाम जमाबन्दी के खातेदार के कॉलम में अंकित किए जाने की यथोचित कार्यवाही की जाए।
3. परिपत्र दिनांक 13.12.1991 के प्रावधानुसार मंदिर की भूमियों हेतु पृथक पंजिका बना कर उसमें पुजारियों के नाम दर्ज किये जावे, उसको पारदर्शी एवं नियमित रूप से अद्यतन रखने हेत पंजिका को ऑनलाईन कम्प्यूटराईज्ड रूप में एल.आर.सी. पर जमाबंदी से लिंक किये जाने की कार्यवाही की जाये। मंदिर से संबधित खाते की जमाबन्दी की नकल के साथ आवश्यक रूप से पुजारी का यह प्रपत्र अपने समुचित प्राधिकार के साथ जारी/प्रदान किया जाएगा।
4. मंदिर भूमि हेतु परिपत्र दिनांक 13.12.1991 द्वारा निर्धारित पंजिका में वर्णित पुजारी मंदिर भूमि के संरक्षक के रूप में निम्नानुसार अनुमत/प्राधिकृत होंगे:-
   - मंदिर, भूमि के विकास के लिए संबधित विभाग के नियमानुसार विद्युत, पेयजल, ट्यूबवेल आदि के लिए कनेक्शन हेतु।
   - फसल खराबे की स्थिति में नियमानुसार सहायता अनुदान हेतु।
   - कृषि विभाग की योजना अनुसार भूमि सीमा में पात्र होने पर बीज, कृषि उपादान आदि पर नियमानुसार अनुदान प्राप्त करने हेतु।
   - इसी प्रकार राज्य सरकार की अन्य योजनाओं, जिसमें भूमि रहन न होती हो, उसमें उन्हे यथा प्रावधान लाभ दिया जा सकेगा।
   - मंदिर के नाम बैंक खाता होने पर इसका संचालक एवं उपयोगकर्ता पुजारी को बनाया जा सकेगा। इसमें प्रत्येक पुजारी बहैसियत मंदिर के संरक्षक के रूप में नियमानुसार योजनांतर्गत लाभ हेतु अनुमत/प्राधिकृत होगा।

5. मंदिर भूमि पर अतिक्रमण की स्थिति पुजारी या पटवारी द्वारा ध्यान में लाये जाने पर तहसीलदार अतिक्रमी के विरूद्ध कार्यवाही इस प्रकार करेंगे जैसे कि राजकीय भूमि पर अतिक्रमी के विरूद्ध करते हैं तथा मंदिर मूर्ति के हितों के संरक्षण हेतु दायित्वाधीन होंगे। जिला कलक्टर मूर्तिमंदिर की भूमि संबंधी अतिक्रमण रिपोर्ट सिवायचक/चारागाह भूमि की तरह राजस्व कर्मियों से नियमित रूप से प्राप्त कर धारा 91 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 के अन्तर्गत उनके प्रकरण दर्ज कर तद्नुसार प्रभावी निस्तारण करेंगे।

(अनिल कुमार अग्रवाल)
संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. शासन सचिव, देवस्थान विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निबंधक राजस्व मण्डल, अजमेर।
3. जागीर आयुक्त राजस्थान, जयपुर।
4. समस्त संयुक्त शासन सचिव, राजस्व विभाग।
5. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त शासन सचिव

परिशिष्ट-5

Fair Average Quality (FAQ) Grade Specifications of Gram Whole (Desi) for procurement under Price Support Scheme (PSS)

| Sr. No. | Special Characteristics | Maximum permissible limits of different refractions (% by weight per qtl.) for FAQ |
|---|---|---|
| 1. | Foreign matter | 1.0 |
| 2. | Other food grains | 3.0 |
| 3. | Damaged grains | 3.0 |
| 4. | Slightly damaged touched grains | 4.0 |
| 5. | Immature shrivelled & broken grains | 6.0 |
| 6. | Admixture | 2.0 |
| 7. | Weevilled grains | 4.0 |
| 8. | Moisture content | 14.0 |

Definitions:

Foreign matter: Includes organic and inorganic matter. The inorganic matter shall include sand, gravel, dirt, pebbles, stones, lumps of earth, clay and mud. The organic matter shall include chaff, straw, weed seed and inedible grains.

General Characteristics:

a) Be the dried mature grains. ( of Cicer Arietinum ).
b) Have uniform size, shape and colour.
c) Be sweet, hard, clean, wholesome and free from moulds, living insects, obnoxious smell, discolouration, admixture of deleterious substances and all other impurities except of the extent indicated in schedule below:
d) Be in sound merchantable condition.
e) Conform to PFA Rules.

Annexure. I

परिशिष्ट- 6

## Fair Average Quality (FAQ) Grade Specifications of Rapeseed/Mustard seed for procurement under Price Support Scheme (PSS)

| Sr. No. | Special Characteristics | Maximum limits of tolerance (% by weight per qtl.) for FAQ |
|---|---|---|
| 1. | Impurities/ Foreign matter including Taramira | 2 |
| 2. | Admixture with other types including Toria | 10 |
| 3. | Unripe, Shrivelled or immature | 4 |
| 4. | Damaged & weevilled | 2 |
| 5. | Small atrophied seeds | 10 |
| 6. | Moisture content | 8 |

Note: Presence of all non-edible oilseeds, like Castor, Mahua, Neem etc.is prohibited. Presence of Argemone seeds is also prohibited.

Definitions:

